www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 352, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज    बुधवार 1 जुलाई 2026    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## केंद्रीय सचिवों के साथ पीएम की चली 4 घंटे मैराथन बैठक



**सरकार की सुधार एक्सप्रेस व्यवस्थागत बदलाव लेकर आई है और नागरिकों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाया है.**

**नई दिल्ली**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सचिवों की बैठक के साथ करीब 4 घंटे की बैठक खत्म हो गई है. इस बैठक में सरकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर चर्चा हुई, जिससे आम आदमी को फायदा मिले. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिए क्या-क्या प्रयास किए जा रहे हैं विभागों के साथ इसको लेकर भी मंथन हुआ. बेहतर तालमेल और सही फैसले लेने के लिए उन्होंने 'पीएम गतिशक्ति' प्लेटफॉर्म का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया. पीएम मोदी ने सचिवों से कहा कि सरकारी योजनाओं का असली मकसद तभी पूरा होगा, जब उनका सीधा और सकारात्मक असर आम लोगों के जीवन पर जमीन पर दिखाई दे.

पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जब देश ब्रिटिश सत्ता से आजादी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा. बैठक में उन्होंने सचिवों को गवर्नेंस और इंप्लीमेंटेशन पर ध्यान केंद्रित रखने और यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि सरकारी कार्यों, खास तौर पर जन-केंद्रित पहलों में कोई ढिलाई या देरी न हो.

पीएम मोदी ने इससे पहले अगले 10 वर्षों के लिए सुधार प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार की थी. उन्होंने दावा किया था कि उनकी सरकार की सुधार एक्सप्रेस व्यवस्थागत बदलाव लेकर आई है और नागरिकों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाया है.

## सिंधु जल पर भारत ने दिखाई आंख तो पाक में हाहाकार,

### घुटनों पर आयी शहबाज सरकार



**इस्लामाबाद**

**सिंधु** जल संधि को लेकर भारत के कड़े रुख के बाद पाकिस्तान बिलबिला रहा है. शहबाज सरकार में सिंधु जल आयुक्त सैयद मोहम्मद मेहर अली शाह ने मंगलवार (30 जून 2026) को कहा कि पाकिस्तान के लिए सिंधु जल संधि का मुद्दा नेशनल सिक्योरिटी का मामला है. उन्होंने कहा कि पिछले साल अप्रैल से चिनाब नदी की धारा में उतार-चढ़ाव को लेकर हमने भारत को चार बार पत्र लिखा, लेकिन वहां से अब तक कोई रिप्लाई नहीं आया है.

इस्लामाबाद में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने 1960 से जल बंटवारे समझौते का जिक्र किया. मेहर अली ने कहा कि चिनाब नदी के पानी के बहाव में होने वाला बदलाव पाकिस्तान के लिए रणनीतिक खतरा है. उन्होंने कहा, 'ऐसा क्यों हो रहा है इससे पीछे की वजह और प्रोजेक्ट्स से जुड़ा डेटा भारत को देना चाहिए. भारत इस मामले पर कोई जवाब नहीं दे रहा है और उसकी चुप्पी हमारे लिए खतरा है.'

उन्होंने कहा, 'नदी के निचले हिस्से (डाउनस्ट्रीम) में मौजूद कोई भी जिम्मेदार देश या अधिकारी पानी के इस उतार-चढ़ाव को आम बात मानकर नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि इससे नीचे रहने वाले लोगों की सुरक्षा जुड़ी है. सिंधु जल आयोग का गठन इन्हीं घटनाओं की जांच करने के लिए किया गया है. भारत की ओर से इस जल संधि को स्थगित रखने के बावजूद, पाकिस्तान ने पिछले साल इंटरनेशनल वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (आईडब्ल्यूटी) के तहत डेटा शेयर करने के चैनल को सक्रिय रखने की कोशिश की थी।

## 27 साल बाद कांग्रेस में 'घर वापसी'

### शरद पवार की पार्टी के विलय पर बड़ा खुलासा!



**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** की राजनीति से इस समय की सबसे बड़ी और धमाकेदार सियासी खबर सामने आ रही है। शरद पवार की पार्टी और कांग्रेस के बीच विलय को लेकर बेहद गंभीर चर्चा शुरू हो चुकी है। इस बात की आधिकारिक पुष्टि खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता विजय वडेट्टीवार ने की है। एनडीटीवी से खास बातचीत में विजय वडेट्टीवार ने इस संभावित विलय पर मुहर लगाते हुए कहा शरद पवार की पार्टी के कांग्रेस में विलय को लेकर हमारे केंद्रीय आलाकमान के साथ बातचीत चल रही है। जो लोग भी कांग्रेस और शरद पवार की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा में विश्वास रखते हैं, उन सभी का हमारी पार्टी में हमेशा स्वागत है।

**27 साल बाद 'घर वापसी' की तैयारी?**

सियासी गलियारों में इस खबर के बाद से हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि साल 1999 में शरद पवार ने कांग्रेस से अलग होकर 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' (ठळढ) का गठन किया था। लेकिन समय का चक्र ऐसा घूमा कि साल 2023 में उनके भतीजे अजीत पवार ने बगावत कर दी और एनसीपी को दो फाड़ कर दिया। अजीत पवार अपने समर्थक विधायकों के साथ महाराष्ट्र की बीजेपी-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थे। भतीजे की बगावत के बाद शरद पवार की पार्टी महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है, और अब दोनों दलों के पूरी तरह एक होने की सुगबुगाहट ने महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक की राजनीति में नया उबाल ला दिया है।

**हाल के झटकों से पार्टी चौकन्ना**

ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे क्षेत्रीय नेताओं को हाल ही में राजनीतिक झटके लगे हैं। उनके सांसदों ने अपनी मूल पार्टियों को छोड़कर अलग गुट बनाने का फैसला किया है और इसी माहौल में कांग्रेस के साथ संभावित विलय की चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, नई दिल्ली में शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के कांग्रेस में विलय को लेकर वरिष्ठ नेतृत्व स्तर पर बातचीत अब अंतिम चरण में है और इसमें सकारात्मक प्रगति हुई है। सूत्रों का यह भी कहना है कि कांग्रेस लीडरशिप ने NCP (शरदचंद्र पवार) के उन विधायकों और सांसदों को हरी झंडी दे दी है जो कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, 85 साल के शरद पवार और उनकी पार्टी के राजनीतिक भविष्य को लेकर दो अलग-अलग राय सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि पार्टी का एक धड़ा नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस में शामिल होने के पक्ष में है। उनका तर्क है कि पार्टी की संसदीय ताकत उसे ठऊअ का हिस्सा बनने में मदद कर सकती है।

**NDA बनाम कांग्रेस विलय पर आंतरिक मतभेद**

इस खेमे के नेताओं का यह भी मानना है कि विपक्ष में रहने के कारण राज्य और केंद्र, दोनों स्तरों पर विकास कार्यों और अपने चुनाव क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को हल करवाना मुश्किल हो गया है।

## जनरल धीरज सेठ ने संभाली भारतीय सेना की कमान

### रेगिस्तान से पहाड़ तक युद्ध संचालन का व्यापक अनुभव



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को मंगलवार को नया नेतृत्व मिल गया। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जनरल धीरज सेठ ने देश के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लिया, जो चार दशक से अधिक लंबे सैन्य करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए। जनरल सेठ ऐसे समय सेना की कमान संभाल रहे हैं, जब भारत को उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर लगातार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और सेना तेजी से आधुनिकीकरण व आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही है।भारतीय अर्थव्यवस्था समाचार

**टैंक रेजिमेंट से लेकर सेना प्रमुख तक का सफर**

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला के पूर्व छात्र जनरल धीरज सेठ को दिसंबर 1986 में भारतीय सेना की आर्मर्ड कोर (टैंक रेजिमेंट) में कमीशन मिला था। करीब 40 वर्षों के सैन्य जीवन में उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाईं और हर पद पर उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

सेना प्रमुख बनने से पहले वह उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने जयपुर स्थित साउथ वेस्टर्न कमांड और पुणे स्थित सदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। पश्चिमी मोर्चे पर दो अभियानगत सैन्य कमानों का नेतृत्व करने वाले चुनिंदा अधिकारियों में उनका नाम शामिल है।

**रेगिस्तान, पहाड़ और आतंकवाद विरोधी अभियानों का अनुभव**

जनरल सेठ का सैन्य अनुभव बेहद व्यापक माना जाता है। उन्होंने रेगिस्तानी इलाकों में आर्मर्ड रेजिमेंट और ब्रिगेड का नेतृत्व किया, वहीं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों की भी कमान संभाली। इसके अलावा उन्होंने भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक फॉर्मेशन 'सुदर्शन चक्र कोर' का नेतृत्व भी किया।

## 'मैं ये कहकर चंपत राय का बचाव नहीं कर रहा...'



**यूपी**

**राम** मंदिर चंदा चोरी के मुद्दे को लेकर विश्व हिंदू परिषदके अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि चंपत राय का इस्तीफा बैठक में रखा जाएगा और उस पर विचार किया जाएगा. उन्होंने कहा, 'FIR के दो दिन के अंदर उनका त्यागपत्र हुआ. इसको मैं अनुचित नहीं मानता हूं. इस देश के दो पीएम ऐसे रहे और एक वो जो प्रधानमंत्री पद का दावा करते हैं, उनके ऊपर भी गंभीर आरोप लगे. वो जमानत पर रहे. उन्होंने तो आजतक त्यागपत्र नहीं दिया. मैं ये कहकर चंपत राय का बचाव नहीं कर रहा हूं. मैं ये नहीं कर रहा कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया था तो ये भी नहीं दें.'

**ट्रस्ट को भंग करने के सवाल पर क्या बोले आलोक कुमार?**

आलोक कुमार ने कहा, 'हमने तो सबसे पहले सार्वजनिक रूप से कहा कि एफआईआर करो. अगले दिन एफआईआर हो गई. हम जीरो टॉलरेंस और निष्पक्षता चाहते हैं. दो ट्रस्टी पर आरोप हैं. उन दोनों ने त्यागपत्र दिया. बाकी ट्रस्टी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है तो फिर इन दोनों ट्रस्टी को लेकर 6 तारीख को निर्णय हो जाएगा. एफआईआर में भी समग्र जांच की मांग की गई है. सब पर पूरी गहराई से जांच होगी और जो भी दोषी होगा उसको जेल की चक्की पीसनी पड़ेगी.

उन्होंने कहा, 'न वहां की सरकार किसी को बचाना चाहती है और न वीएचपी किसी को बचाना चाहती है. हम इस बात की निगरानी भी करेंगे कि जांच में कोई ढील न हो. हम जानते हैं कि इस घटना से हिंदू समाज को कितना अघात पहुंचा है. इस अघात को कम करने का उपाय निष्पक्ष जांच ही है।

## स्कूल बस पर गिरा विशाल पेड़, एक छात्र की दर्दनाक मौत, 4 घायल

**मुंबई**

**मुंबई** के चेंबूर में स्कूल बस पर पेड़ गिरने से एक छात्र की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। बचाव कार्य जारी है; खबर है कि क्षतिग्रस्त गाड़ी के अंदर एक छात्र फंसा हुआ है। यह हादसा दोपहर करीब 2:50 बजे यूनिवर्सल स्कूल के पास रोड नंबर 11 पर हुआ, जब छात्र घर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, स्कूल बस पर एक बड़ा पेड़ गिरने से पांच छात्र घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से एक की मौत हो गई। चार घायल छात्रों का इलाज चल रहा है। इस बीच, इमरजेंसी रेस्क्यू टीमें गाड़ी में फँसे एक बच्चे को बचाने के लिए गिरे हुए पेड़ को काट रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने कई बार बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से पेड़ों की छंटाई करने या उन्हें हटाने की मांग की थी और चेतावनी दी थी कि इनसे सुरक्षा का खतरा है। उन्होंने दावा किया कि इलाके में पहले भी ऐसी घटना हो चुकी है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह घटना मुंबई में पिछले कुछ दिनों से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आने के साथ हो रही भारी बारिश और आंधी-तूफान के बीच हुई है।

# घुसपैठियों को चुन चुन कर बाहर खदेड़ेंगे

### देशव्यापी रणनीति बनाने के लिए बुलाई सभी राज्यों के डीजीपी की बैठक



**नई दिल्ली**

**देश** की आंतरिक सुरक्षा, जनसंख्या संतुलन और कानून व्यवस्था के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में अब अवैध घुसपैठ का मुद्दा निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। केंद्र की मोदी सरकार ने साफ कर दिया है कि अब घुसपैठियों और उन्हें संरक्षण देने वाले पूरे तंत्र के खिलाफ राष्ट्रव्यापी और समन्वित अभियान चलाया जाएगा। इसी दिशा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नौ जुलाई को नई दिल्ली में सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। यह बैठक देश की सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार की कठोर और स्पष्ट नीति का प्रतीक मानी जा रही है।

इस उच्चस्तरीय बैठक में खुफिया ब्यूरो, अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग यानि रॉ, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, प्रवर्तन निदेशालय, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। पहली बार पूरे देश में अवैध घुसपैठ के खिलाफ एक साथ कार्रवाई की व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है ताकि किसी एक राज्य में दबाव बढ़ने पर घुसपैठिये दूसरे राज्य में भागकर बच न सकें। केंद्र सरकार का मानना है कि यह समस्या अब केवल सीमावर्ती जिलों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि देशव्यापी सुरक्षा संकट का रूप ले चुकी है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, सीमा पार करने के बाद अवैध घुसपैठिये संगठित गिरोहों की मदद से महानगरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच जाते हैं। इन गिरोहों का पूरा जाल सक्रिय रहता है, जो उन्हें रहने की जगह, नकली पहचान पत्र, रोजगार और एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने की व्यवस्था करता है। नकली आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज तैयार करने वाले नेटवर्क भी जांच एजेंसियों के निशाने पर हैं। मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल घुसपैठियों को चिन्हित करना ही लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले पूरे तंत्र को जड़ से खत्म किया जाएगा। इस अभियान में प्रवर्तन निदेशालय को विशेष जिम्मेदारी दी जा सकती है। एजेंसी उन आर्थिक नेटवर्कों की जांच करेगी जिनके जरिये अवैध घुसपैठ का कारोबार फलफूल रहा है। घुसपैठ से जुड़े धन के स्रोतों की पहचान कर उनकी संपत्तियां जब्त करने की तैयारी है। वहीं खुफिया एजेंसियां राज्यों की पुलिस और प्रशासन को ठोस और त्वरित सूचनाएं उपलब्ध कराएंगी ।

## नई ईवी पॉलिसी 2026 के बाद दिल्ली में होंगे क्या-क्या बदलाव




**नई दिल्ली**

**प्रदूषण** की समस्या से निपटने और दिल्ली को एक वैश्विक 'क्लीन मोबिलिटी हब' के रूप में विकसित करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा एक बड़ा और दूरगामी फैसला लिया गया है. कैबिनेट द्वारा नई 'दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2026' को आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है. इस नई नीति को आगामी 1 जुलाई 2026 से लागू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है, जो 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी. इस नीति के तहत अगले चार वर्षों में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष सरकारी निवेश और बुनियादी ढांचे समेत लगभग 15,000 करोड़ रुपये के समग्र लाभ का अनुमान जताया गया है.

**पारंपरिक ईंधनों पर लगेगी लगामः**

रजिस्ट्रेशन के लिए तय समय-सीमा इस नीति का सबसे बड़ा और कड़ा पहलू यह है कि दिल्ली में पारंपरिक ईंधन (पेट्रोल-डीजल) वाले वाहनों की संख्या को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाएगा. इसके तहत तय किया गया है कि 1 जनवरी 2027 से दिल्ली में किसी भी नए तिपहिया वाहन का पंजीकरण केवल इलेक्ट्रिक मॉडल के लिए ही किया जाएगा. अप्रैल 2028 से नए दोपहिया वाहनों के पंजीकरण को भी पूरी तरह से केवल इलेक्ट्रिक श्रेणी के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा.

**रोड टैक्स पूरी तरह माफ और चरणबद्ध सब्सिडी**

नई व्यवस्था के अंतर्गत 'Pure EVs' खरीदने वाले उपभोक्ताओं को रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में 100% की छूट प्रदान की जाएगी. हालांकि, चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए यह कर छूट केवल ?30 लाख तक की एक्स-शोरूम कीमत वाले मॉडलों पर ही लागू होगी. इसके साथ ही, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खरीद पर पहले वर्ष 30 हजार रुपये , दूसरे वर्ष 20 हजार रुपये और तीसरे वर्ष 10 हजार रुपये की सीधी आर्थिक सहायता दी जाएगी. इसी प्रकार, इलेक्ट्रिक ऑटो के लिए क्रमशः 50 हजार रुपये , 40 हजार रुपये और 30 हजार रुपये की सब्सिडी तय की गई है. पुराने वाहनों को स्क्रैप कराने पर भी अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## दिल्ली में गर्मी का डबल अटैक! 4 साल में सबसे गर्म रातें




**नई दिल्ली**

दिल्ली में भीषण गर्मी अपना कहर बरपा रही है. लोगों को उमस और गर्मी से हाल बेहाल नजर आ रहा है. इस बार गर्मी चरम पर है. हालांकि मानसून की गतिविधियां जल्द ही राजधानी में दस्तक देने वाली हैं. इस बार गर्मियों में शाम के बाद भी दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत नहीं मिली.

राजधानी में पिछले चार वर्षों की सबसे गर्म रातें दर्ज की गईं. बता दें कि दिल्ली में 1 जुलाई से 4 जुलाई के बीच झमाझम बारिश के आसार हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च से जून की मानसून-पूर्व अवधि में औसत न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 2022 के बाद सबसे अधिक है.

**दिल्ली में आज का मौसम**

दिल्ली में भयंकर गर्मी के बीच मंगलवार (30 जून) को कई इलाकों में लू चलने की भी संभवाना है. हालांकि इसके बाद मौसम बदल जाएगा. दिल्ली में सुबह 6 बजे से ही तापमान 31 डिग्री के करीब बना हुआ है. वहीं दिन में ज्यादातर धूप दिखाई देगी. मौसम में 64 प्रतिशत की नमी देखने को मिलेगी. इसके साथ ही दिल्ली में 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं. वहीं दोपहर बाद मौसम करवट बदलेगा. दिल्ली में बुधवार (1 जुलाई) से मौसम में बदलाव होगा और तापमान में भी 4 से 5 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी.

# फाफामऊ कोल्ड स्टोरेज हादसे के अभियुक्तों पर लगेगा गैंगेस्टर एक्ट, अवैध अर्जित संपत्ति होगी जब्त

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** समाजवादी पाटी के पूर्व विधायक अंसार अहमद (पहलवान) पर गैंगस्टर लगाने की तैयारी है। अंसार अहमद के फाफामऊ स्थित कोल्ड स्टोरेज में आमोनिया गैस पाइप लाइन में रिसाव के बाद धमाका हुआ था। कोल्ड स्टोरेज ढह जाने से 4 मजदूरों की मौत हो गई थी जबकि 12 जख्मी हुए थे। मामले में अंसार अहमद को जेल भेजा गया था। बाद में उन्हें जानमत मिल गई। प्रयागराज पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार के निर्देश पर कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना फाफामऊ के मु0अ0सं0-44/2026 धारा 103(1) /127 /287 /289 / 125( )/118(1) बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट बनाम 1. अंसार अहमद पुत्र नवाब अली (मालिक) 2. मंजूर पुत्र अंसार अहमद 3. अलाउद्दीन पुत्र मो0 अनवार 4. मो0 जाबिर अली उर्फ जावेद पुत्र निजामुद्दीन 5. मो0 उस्मान पुत्र स्व0 मुकीमुद्दीन 6. मो0 इरफान पुत्र मुकीमुद्दीन 7. मो0 असलम उर्फ बाबा पुत्र स्व0 शब्बीर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की तहत कायर्वाही की जायेगी एवं सम्बन्धित अभियुक्तों की अवैध रूप अर्जित की गयी सम्पत्ति पर नियमानुसार कुकी एवं सम्पत्ति जब्ती की कायर्वाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि 23/03/2026 को थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत चन्दापुर में स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज जोकि उक्त अभियुक्तों द्वारा मुनाफाखोरी के लिये मानक के विपरीत क्षमता से अधिक स्टोरेज (जमाखोरी) व जानबूझकर की गयी लापरवाही के कारण गिर गया था। उक्त घटना में 04 व्यक्तियों की दुखद मृत्यु तथा 12 व्यक्ति घायल हो गये थे। कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध शून्य सहन शीलता Zero Tolerance) की नीति के तहत कठोर एवं प्रभावी कार्वाई के लिए प्रतिबद्ध है। कानून-व्यवस्था भंग करने वाले एवं संगठित अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## करछना मे हर्ष फायरिंग में गई युवक की जान, पल भर मे खुशियां बदली मातम में




**करछना प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के भुंडा चौकी अंतर्गत निरिया गांव मे बीते सोमवार की देर रात हुयी हर्ष फायरिंग ने ले ली एक युवक की जान, पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया शव, मृतक का चाचा हिरासत में। प्राप्त जानकारी के अनुसार यमुनापार के करछना थाना क्षेत्र मे भुंडा चौकी अंतर्गत निरिया गांव मे बच्चे के जन्म की खुशी मे चल रहे कार्यक्रम के दौरान हुयी हर्ष फायरिंग से 24 वषीय सर्वेश यादव उर्फ़ गोलू की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पल भर मे खुशियां मातम मे बदल गयीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी नेहरू एसआरएन अस्पताल भेजा। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों और गोली चलने की परिस्थितियों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्वाई की जाएगी।

# वृक्षारोपण अभियान के लिए अभी से रहें तैयार : अमित कुमार

### रोजगार सेवक व तकनीकी सहायकों के साथ हुई समीक्षा बैठक में बीडीओ ने दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

अखंड भारत संदेश




**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के सभागार कक्ष में मंगलवार को बीडीओ अमित कुमार ने रोजगार सेवकों एवं तकनीकी सहायकों के साथ बैठक कर वृक्षारोपण की तैयारी, मियांवाकी, युक्त धारा पर बने स्टीमेट, मानव दिवस सृजन, आगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण,मनरेगा मे मजदूरों की केवाईसी करने सहित विभिन्न बिन्दुओ पर समीक्षा की। वीबी जी राम जी का गावों में ब्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं गावं में उक्त योजना के तहत मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार देने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की सभी कमर्चारी अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए टीम वर्क की भावना से गावों के विकास में अपना योगदान दें। वृक्षारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई समय से कराने का निर्देश देते हुए कहा की किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। वही मनरेगा एकाउटेंट राकेश कुमार ने सभी कमर्चारियों की उपस्थिति दर्द कराते हुए कहा की आगामी बैठकों मे सभी शत प्रतिशत अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं अन्यथा की स्तिथि में किसी भी कायर्वाई के लिए वो खुद जिम्मेदार रहेंगे। मौके पर रोजगार सेवक विजय चन्द्र विश्वकर्मी, हरिओम प्रकाश,संगम लाल यादव,नूरूद्दीन हाशमी,अनिल कुमार, बसंत कुमार, रविन्द्र मिश्रा, प्रभाकर गौतम,कल्पना,रीनू पटेल,शबा हाशमी, संगीता सरोज, मीरा मौर्य व तकनीकी सहायक नन्द गोपाल, काशीनाथ, धरमू राम, पन्नालाल प्रजापति, मानिक सिंह सहित अन्य रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

# अनशन के बीच बीडीओ कौंधियारा ने दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भमोखर गांव में शौचालय निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे आमरण अनशन के बीच प्रशासन हरकत में आ गया। मंगलवार को बीडीओ कौंधियारा ने अनशन स्थल पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की और निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। भमोखर गांव में शौचालय निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी आमरण अनशन के बीच मंगलवार को प्रशासनिक हलचल तेज हो गई। मामले को लेकर प्रकाशित खबर के बाद खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कौंधियारा डॉ. कंचन यादव स्वयं अनशन स्थल पहुंचीं। उन्होंने अनशनकारी रमेश भारतीय और अन्य ग्रामीणों से बातचीत कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया।





भमोखर गांव में आमरण अनशन स्थल पर ग्रामीणों से वार्ता करतीं बीडीओ डॉ. कंचन यादव।

बीडीओ डॉ. कंचन यादव ने बताया कि यह मामला करीब चार वर्ष पुराना है। ग्रामीणों की ओर से इसकी जिला स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अनशनकारियों की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कौंधियारा भेजकर चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यक उपचार की व्यवस्था कराई गई है। प्रशासन लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदशी होगी। यदि जांच में किसी अधिकारी, कमर्चारी, ग्राम पंचायत से जुड़े व्यक्ति या अन्य जिम्मेदार की लापरवाही अथवा अनियमितता सामने आती है तो शासन की मंशा के अनुरूप नियमानुसार कार्वाई प्रस्तावित की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बीडीओ ने यह भी बताया कि ग्रामीणों की कुछ मांगें राजस्व विभाग से संबंधित हैं। इन बिंदुओं के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम भी गांव पहुंची थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी। उधर, अनशनकारी रमेश भारतीय ने कहा कि जब तक जांच की प्रक्रिया शुरू होकर दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने भी एक स्वर में शौचालय निर्माण में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग दोहराई।

# सोरांव बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ





थाना अध्यक्ष का सम्मान करते महामंत्री

**सोरांव।** बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ, सोरांव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य देवेंद्र मिश्र नगरहा ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। समारोह सुबह से शाम तक चला। इस दौरान सांस्कृतिक एवं संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र नारायण त्रिपाठी, महामंत्री राम प्यारे गौतम, कोषाध्यक्ष मोहम्मद अरमान, संयुक्त मंत्री आशीष सोनी सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कायर्कारिणी के सदस्यों को चुनाव अधिकारी शशिकांत शुक्ला और गामा यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सोरांव विधायक गीता पासी, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय, थाना प्रभारी केशव वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आलोक पांडेय, नायब तहसीलदार नैंसी शुक्ला, पूर्व महामंत्री राजीव ओझा एवं अच्युतानंद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष कमलाकांत मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष राम संजीवन गौतम व रामचंद्र यादव, निवतर्मान अध्यक्ष वामिक एजाज फारूकी, निवतर्मान महामंत्री राजेश शुक्ला, पूर्व संयुक्त मंत्री प्रशासन रणविजय सिंह यादव, राम बहादुर मार्य एडवोकेट, राम बाबू मौर्य एडवोकेट,अजीत मिश्र एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर चंद्र, राजेश कुमार एडवोकेट, सुभाष चंद्र गौतम, राजेश यादव, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। समारोह में अधिवक्ता एकता और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।




## कोरांव उपजिलाधिकारी ने किया कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण, सुरक्षा मानकों को पूरा करने की दी चेतावनी

**पसना।** लखनऊ और अन्य स्थानों पर हालिया आगजनी की घटनाओं के बाद, कोरांव के उप जिलाधिकारी (रउ्ट) संदीप तिवारी ने आज दोपहर बाद नगर पंचायत क्षेत्र के कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान और फायर सेवा केंद्र पथरताल की टीम भी मौजूद रही।श्री तिवारी ने ज्ञान गंगा कोचिंग और नवीन क्लासेस का दौरा किया। उन्होंने संचालकों को आपातकालीन द्वार, अग्निशमन उपकरण और अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए। रउ्ट ने चेतावनी दी कि अगले निरीक्षण में यदि इन मानकों का पालन नहीं किया गया, तो कोचिंग संस्थानों को सील कर बंद कर दिया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिया कि वे समय-समय पर इन सेंटरों का निरीक्षण करें और उन्हें रिपोर्ट सौंपें। रउ्ट के इस कदम का नगर और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया है।

## न्यूज झरोखा

### कपुरी बढैया में सपर्दंश से नौवीं के छात्र की दुखद मृत्यु



**कोरांव** थाना क्षेत्र के कपुरी बढैया गांव में आज पूर्वाह्न लगभग 11 बजे सपर्दंश से 15 वषीय छात्र अंशु कुमार यादव की मृत्यु हो गई। अंशु अपने कच्चे घर से लकड़ी की प्लाई निकाल रहा था, तभी उसे सांप ने डस लिया। मृतक अंशु कुमार यादव राजेश कुमार यादव का पुत्र था और स्थानीय सदा सहाय माता हाई स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र था। वह अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। सपर्दंश के बाद परिजन अंशु को तुरंत बदोर गांव में एक झाड़-फूंक करने वाले के पास ले गए। हालांकि, जब उसकी हालत बिगड़ने लगी, तो उसे मेजा रोड स्थित एक निजी अस्पताल और फिर रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अंशु कुमार को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना स्थानीय लेखपाल को दे दी गई है।

### रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की हालत नाजुक



**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया ओवरब्रिज के नीचे मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर डायल-112 पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मांडा भेजवाया। जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान ओम प्रकाश विश्वकर्मा (35) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह सुबह दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान अप लाइन से गुजर रही ट्रेन की टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलवे कमर्चारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। हादसे में उसके हाथ में फ्रैक्चर होने के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। मांडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अधिवक्ता हरिश्चंद्र मिश्रा व उनके पुत्र शैलेन्द्र मिश्रा ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा करके एक सुखद एहसास किया



**जसरा।** प्रयागराज के घटना गांव के अधिवक्ता हरिश्चंद्र मिश्रा व उनके पुत्र शैलेन्द्र मिश्रा ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा करके एक सुखद एहसास किया। वापस लौटे यात्रियों ने बताया कि दिव्य मानसरोवर की 96 किलोमीटर की परिक्रमा एवं कैलाश पर्वत की परिक्रमा यम द्वार से प्रारंभ करके दार्चिंग से शुरू करके यम द्वार होते हुए डेरा पुक तक 12 किलोमीटर की प्रथम दिन की परिक्रमा किया। जिसकी ऊंचाई लगभग साढ़े सोलह हजार फिट की चढ़ाई करने के उपरांत किया गया। वहीं दूसरे दिन डेरा पुक से होते हुए डीलमाला के पास एवं गौरी कुंड से दिव्य जल को प्राप्त की। इस प्रकार से कुल मिलाकर 54 किलोमीटर के ऊंचाई की कैलास पर्वत की यात्रा पूरी की गई। प्रयागराज जनपद में इस प्रकार की परिक्रमा का अनूठा रिकॉर्ड पिता पुत्र ने बनाया।

# संगठन की मजबूती से ही मिलेगी चुनावी सफलता : अशोक चौरसिया



**सहसों।** छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में मंगलवार को भारतीय जनता पाटी के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया का मंडल सहसों में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। सम्मान समारोह के संयोजक एवं भाजपा गंगापार के जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान और संगठन की मजबूती उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा गंगापार की जिलाध्यक्ष निमर्ला पासवान तथा फूलपुर के विधायक दीपक पटेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। इस अवसर पर संतोष शुक्ला, आशीष कुमार प्रजापति, भूपेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, महामंत्री पवन कुमार शुक्ला, शिव बाबू केसरवानी, दीपक पराशर, प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार बिंद, विमलेश कुमार पटेल, कवि धनंजय शाश्वत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का गमजोशी से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया।

# प्रो. राम गोपाल यादव कर्म एवं मर्यादा के संगम हैं -नरेन्द्र सिंह

### संगम तट पर हुआ यज्ञ हवन एवं वस्त्र फल वितरण

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** समाजवादी विचारक, राज्य सभा सांसद,समाजवादी पाटी के प्रमुख राष्टीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के 80वें जन्मदिन पर मंगलवार को प्रयागराज संगम तट पर स्थित श्री रामानन्द मठ के यज्ञ शाला में पाटी के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने योगिराज श्री रमेश जी महराज के मार्गदर्शन में विद्वान आचार्य गणों के मन्त्रोच्चारण के साथ यज्ञ -हवन करके तथा संगम तट पर साधु संत एवं जरुरत मंदों को वस्त्र तथा फल वितरित कर अपने नेता के उत्तम स्वाथ्य एवं प्रसन्न चित्त दीर्घायु होने क्ा आशीर्वाद माँगा। कई विद्वानों के आचार्यत्व में सम्पन्न हुए यज्ञ तथा वस्त्र व फल वितरण के आयोजक सपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने ईश्वर से प्राथर्ना किया तथा उपस्थित सभी साधु सन्यासियों एवं आम जनों से प्रो रामगोपाल यादव के उत्तम स्वाथ्य एवं दीर्घायु क्ा आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि प्रो रामगोपाल यादव राजनैतिक संत हैं। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में वाणी एवं व्यवहार के संयम क्ा आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। सबके प्रति संवेदनशील होना प्रो. साहब की सहजता है। नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि प्रो. रामगोपाल यादव कर्म एवं मर्यादा के संगम हैं। उनका मानना है कि राजनैतिक व्यक्ति को शांत स्वभाव का होना चाहिए तथा हमेशा जन कल्याण के लिये सचेष्ट एवं सक्रिय रहना चाहिए। इस अवसर पर आगमाचार्य 1008योगिराज श्री रमेश जी महराज, श्री महंत बृज भूषण दास, महंत लक्ष्मण दास, प्रवक्ता दान बहादुर सिंह मधुर, महंत रामदास, हिमांशु सिंह, पीयूष सिंह,बृज किशोर, भरत महराज, पप्पू पंडित, आर यन यादव, सचिनश्रीवास्तव, संत बक्स सिंह,रामकुमार, सुरेश दास, रामू सैनी, बाबा सहित सैकड़ों की संख्या में साधु संत एवं राजनैतिक व्यक्ति मौजूद रहे।

# प्रयागराज मंडल में 58 नए भू-माफिया चिन्हित

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान की समीक्षासरकारी जमीन पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान की हुई समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने और भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए एक जून से 30 जून तक चलाए गए विशेष अभियान की समीक्षा मंगलवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और पुलिस महानिरीक्षक अजय मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में मंडल के चारों जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत प्रयागराज मंडल में 58 नए भू-माफियाओं की पहचान कर उन्हें सूचीबद्ध किया गया है। इनमें प्रयागराज के 18, कौशांबी के 21, प्रतापगढ़ के 15 और फतेहपुर के चार भू-माफिया शामिल हैं। बैठक में गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लंबित मामलों में से समीक्षा अवधि के दौरान 27 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। वर्तमान में मंडल में 40 मामले लंबित हैं, जबकि 21 मामलों को जिला स्तर की कार्रवाई पूरी होने के बाद अग्रिम सुनवाई के लिए गिरोहबंद न्यायालय भेजा जा चुका है। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि भू-माफियाओं की सूची से संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों का सत्यापन कर अद्यतन सूची तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि यदि डेटा अपडेट करने में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा आती है तो शासन स्तर पर समन्वय स्थापित कर इसे शीघ्र पूरा कराया जाए। बैठक में नजूल और अन्य सरकारी भूमि, विशेषकर तालाबों एवं जल निकायों पर हुए अतिक्रमण की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मामलों का दोबारा सत्यापन कराया जा रहा है। साथ ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के अलावा उसका अवैध विक्रय करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि वास्तविक भू-माफियाओं और सामान्य अतिक्रमणकर्ताओं के बीच स्पष्ट अंतर करते हुए निष्पक्ष और तथ्यपरक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसका उपयोग जनहित और सार्वजनिक विकास कार्यों में किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए चिन्हांकन से लेकर बेदखली, संपत्ति कुकी और अन्य कानूनी कार्रवाई समयबद्ध एवं पारदशी ढंग से पूरी की जाए।

## पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। सहायक पुलिस आयुक्त करछना सुनील कुमार सिंह के पयर्वेक्षण तथा थानाध्यक्ष कमलेश कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम को न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के तहत एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त लवलेश कुमार पुत्र स्वगीय गौतम प्रसाद निवासी ग्राम मुंगारी थाना औद्योगिक क्षेत्र है। उसके विरुद्ध द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने पर उसके विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। लगातार की जा रही तलाश के दौरान सोमवार को उसे उसके पैतृक गांव मुंगारी से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।


## खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, प्रयागराज मंडल में मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाने पर दिया गया जोर



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में आयोजित मंडलीय खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न खेल परिसरों के विकास, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, खिलाड़ियों के आवास और प्रशिक्षण सुविधाओं से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक खेल की आवश्यकताओं का विस्तृत आकलन कर समग्र विकास कायर्योजना तैयार की जाए। साथ ही मंडल स्तर पर सभी खेलों का वार्षिक प्रतियोगिता कैलेंडर तैयार कर नियमित इंटर-स्कूल और मंडलीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने बहुउद्देशीय (मल्टीपर्पज) इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। मेयो हॉल के पीछे स्मार्ट सिटी के तहत तैयार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक अतिरिक्त व्यवस्थाओं का प्रस्ताव प्रस्तुत करने को भी कहा। अधिकारियों ने बताया कि इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। बैठक में छह जुलाई को आयोजित होने वाली कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। वहीं रोइंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में अनुपस्थिति और उपलब्ध कराए गए खेल उपकरणों का उपयोग नहीं किए जाने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्मार्ट सिटी की ओर से दिए गए सभी उपकरण वापस लेकर उन्हें बोट क्लब में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने खिलाड़ियों के लिए आधुनिक स्पोर्ट्स हॉस्टल विकसित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त आवासीय सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर भूमि चिन्हित कर अलग से बजट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लॉन टेनिस और बास्केटबॉल कोर्ट की प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने, टेबल टेनिस हॉल में एयर कंडीशनर और वाटर कूलर लगाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में जूडो और ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए अभ्यास स्थल, टीन शेड, खेल सामग्री, वेटलिफ्टिंग उपकरण तथा पेयजल सुविधाओं के विकास का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा जॉर्ज टाउन तरणताल में लगभग 250 खिलाड़ियों की क्षमता वाले हॉस्टल, सोलर लाइट, जलक्रीड़ा से जुड़ी सुविधाओं तथा कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग के लिए आवश्यक नौकाएं एवं उपकरण उपलब्ध कराने के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। नैनी स्थित हैंडबॉल ग्राउंड में फ्लड लाइट, खेल उपकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी मंजूरी मिली। बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित खेल परिसरों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि फेज-1 और फेज-2 में तैयार विभिन्न खेल मैदानों, कोर्टों और मल्टीपर्पज हॉल का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी खेल परिसरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित कर खिलाड़ियों को जल्द से जल्द इनका लाभ उपलब्ध कराया जाए।

## विश्वास में लेकर होंडा कार ले गए और गाड़ी न देकर जान से मारने की धमकी देने पर हुई एफआईआर


N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)
I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)

10. Total value of property (In Rs/-)-सम्पति का कुल मूल्य(रु
11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण स., यदि कोई हो ):
S.No. UIDB Number
12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य ):

नकल प्रार्थना पत्र हिन्दी वादी ......... सेवा मे, श्रीमान थानाध्यक्ष, थाना- धूमनगंज, जनपद प्रयागराज। विषय :- प्रार्थिनी की वाहन संख्या UP 70 GS 5914 (AURA Car), Engine No. G4LAPM683203 व Chassis No. MALB341CLPM224227 निशा सिंह व आदित्य सिंह द्वारा चोरी किये जाने के सम्बन्ध मे- महोदय, निवेदन है कि प्रार्थिनी विजय लक्ष्मी सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय पत्नी सुनील कुमार सिंह पुत्री रण वीर सिंह वर्तमान निवासिनी सी0 704 सनसाइन रयल रेजीडेंसी, थाना धूमनगंज, प्रयागराज, की वाहन संख्या UP 70 GS 5914 (AURA Car), Engine No. G4LAPM683203 व Chassis No. MALB341CLPM224227 की स्वामिनी है उक्त वाहन (AURA Car) क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय मे प्रार्थिनी के नाम से पंजीकृत है। प्रार्थिनी ने उक्त वाहन महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा फाईनेंश कम्पनी प्रयागराज से 19 अक्टूबर 2023 को ऋण लेकर क्रय किया था। प्रार्थिनी माननीय उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धर्मेन्द कुमार सिंह एडवोकेट के साथ बतौर जूनियर अधिवक्ता सम्बद्ध थी, उक्त धर्मेन्द कुमार सिंह वर्ष 2025 मे अचानक कैंसर रोग से ग्रसित हो गये और बीमारी के दरमियान उन्होंने अस्पताल आने-जाने हेतु प्रार्थिनी की उक्त कार इस्तेमान हेतु माग ली थी परन्तु दिनाक 12.04.2026 को उक्त धर्मेन्द कुमार सिंह एडवोकेट की मृत्यु हो गयी और प्रार्थिनी का उक्त वाहन उक्त धर्मेन्द कुमार सिंह की पत्नी निशा सिंह व पुत्र आदित्य सिंह वर्तमान निवासिसी 82/1/11 मधुवन विहार कालोनी नीवा निकट नेहरू पार्क, धूमनगंज प्रयागराज, बगैर किसी अधिकार के इस्तेमाल कर रहे है और जब प्रार्थिनी ने उन लोगों से अपनी कार वापस करने की माग की तो वे प्रार्थिनी को कार देने से मना कर रहे है और प्रार्थिनी को जान से मार देने की धमकी दे रहे है उनके सहयोग मे उनका ड्रायवर कमलेश यादव व निशा सिंह का जीजा उदयभान सिंह भी शामिल है वे दोनों भी प्रार्थिनी व उसके नाबालिग बच्चे को धमका रहे है और कार वापस मागने पर जान से मार देने की धमकी दे रहे है जिसकी सूचना प्रार्थिनी ने कई-कई बार नीवा पुलिस चौकी के इचार्ज को लिखित रूप से दी परन्तु उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी और लगातार प्रार्थिनी को कई-कई घण्टे चौकी पर बैठाने के बाद यह कहकर वापस कर दिया गया कि मै आपकी कोई मदद नही करूँगा, प्रार्थिनी उक्त वाहन की पंजीकृत स्वामिनी है और उक्त वाहन प्रार्थिनी के ही नाम से महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा फाइनेस कम्पनी प्रयागराज से फाइनेस है परन्तु प्रार्थिनी का वाहन दिनाक 12.04.2026 से उक्त निशा सिंह व आदित्य सिंह के अवैधानिक कब्जे में है और जिसका लगातार नजायज इस्तेमाल किया

4

**प्रयागराज।** धूमनगंज क्षेत्र की रहने वाली विजय लक्ष्मी सिंह इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता है और थाना धूमनगंज पुलिस चौकी के अंतर्गत की रहने वाली है। विजय लक्ष्मी को निशा सिंह पत्नी धर्मेंद्र कुमार सिंह आदित्य सिंह पिता धर्मेंद्र कुमार सिंह, ड्राइवर कमलेश यादव वी उदयभान सिंह 82 /1/11 मधुवन विहार कॉलोनी निव निकट नेहरू पार्क धूमनगंज प्रयागराज के रहने वाले ने विश्वास में लेकर उनकी कर वाहन संख्या वढ70 ऋ59 14 औरा कार जिसका इंजन नंबर ऋ4छअढट683203 वा चेचिस नबर मलबा 341क्लोन 224227 नहीं दे रहे है। और मागने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। विजय लक्ष्मी अपने एक बच्चे के साथ प्रयागराज में अकेली रहती है जिसका आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों ने फायदा उठा कर उनकी कार ले लिया है। थाने में सुनवाई ना होने पर आईपीएस अजय पाल शर्मा के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज किया गया। जिसमें थाना धूमनगंज में निशा सिंह, आदित्य सिंह, कमलेश यादव, उदयभान सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए प्रयागराज में ली जाएगी 210 हेक्टेयर जमीन, तीन तहसीलों के किसानों की चमकेगी किस्मत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** विंध्य एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए प्रयागराज में 210 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इससे तीन तहसीलों के हजारों किसानों को फायदा मिलेगा। वहीं, इस संबंध में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से भेजे गएए प्रस्ताव पर प्राथमिक सर्वे रिपोर्ट सोमवार को जिला प्रशासन को प्राप्त हो गई। अब विस्तृत सर्वे के दौरान अधिग्रहित की जाने वाली भूमि पर आने वाले काश्तकारों का आकलन किया जाएगा, जिसके बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। विंध्य एक्सप्रेसवे प्रयागराज जिले की सोरांव, फूलपुर और हंडिया तहसीलों से होकर गुजरेगा। यूपीडा ने पूर्व में प्रशासन को भेजी रिपोर्ट में इन तीनों तहसीलों के 73 गांवों में भूमि की आवश्यकता बताई थी। इसके आधार पर संबंधित एसडीएम से सर्वे कराकर आवश्यक भूमि का विवरण मांगा गया। प्रारंभिक रिपटि के अनुसार हंडिया तहसील में 78 हेक्टेयर, फूलपुर में 68 हेक्टेयर और सोरांव में 64 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। प्रशासन का अनुमान है कि भूमि अधिग्रहण की जद में 400 से 500 काश्तकार आ सकते हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि यह संख्या फिलहाल अनुमानित है। लेखपालों की विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद प्रभावित किसानों और भूमि का अंतिम आंकड़ा स्पष्ट हो सकेगा। चित्रकूट से प्रयागराज होते हुए वाराणसी तक प्रस्तावित 294 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड फोरलेन कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण का सर्वे सावन माह में शुरू होगा। इस परियोजना के लिए नेशनल हाईवे अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने भोपाल की कंसल्टेंट कंपनी नित्या नायारा का चयन किया है। अगस्त के पहले सप्ताह से एजेंसी चित्रकूट से सर्वे का कार्य शुरू करेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को दो हिस्सों में बांटा गया है। चित्रकूट से प्रयागराज तक सर्वे और भूमि अधिग्रहण की जिम्मेदारी एनएचएआई को सौंपी गई है, जबकि प्रयागराज से वाराणसी तक का कार्य सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय कराएगा। एनएचएआई के प्रयागराज डिप्टी मैनेजर प्रखर सिंह के अनुसार, भूमि अधिग्रहण और एलाइनमेंट का कार्य करीब चार महीने तक चलेगा। सर्वे के दौरान प्रयागराज की सदर तहसील, कौशाम्बी की मंझनपुर तहसील और चित्रकूट तक प्रस्तावित मार्ग का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। इसमें यह तय किया जाएगा कि फोरलेन कॉरिडोर के निर्माण के लिए कितनी भूमि की आवश्यकता होगी। सर्वे पूरा होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर एनएचएआई मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेजी जाएगी। परियोजना के पूरा होने से चित्रकूट, प्रयागराज और वाराणसी के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा और यात्रा अधिक तेज व सुगम बनने की उम्मीद है।

## जिला व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने उठाई समस्याएं, डीएम बोले- जाम, अतिक्रमण और अग्नि सुरक्षा पर होगी सख्त कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक हुई। इसमें व्यापारियों ने शहर में जाम, अतिक्रमण, पार्किंग, फायर सेफ्टी, सफाई, बिजली, सीवर और यातायात व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं उठाईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सिविल लाइंस क्षेत्र में ई-रिक्शा संचालन पर सख्ती से नियंत्रण, वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में इलेक्ट्रिक बसें चलाने तथा मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मल्टी लेवल पार्किंग का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कराया जाए और सड़क किनारे अवैध रूप से दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की जाए। डीएम ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में अग्निशमन उपकरण अनिवार्य रूप से रखने और फायर सेफ्टी के सभी मानकों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आग जैसी घटनाओं से बचाव के लिए कमर्चारियों को उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। बैठक में चौक सर्राफा बाजार में शौचालय, जर्जर बिजली के तार बदलने, फाफामऊ में सीवर, झूंसी और नैनी क्षेत्र की नगर निगम संबंधी समस्याओं सहित कई मुद्दे उठे। वहीं सीएमपी डिग्री कॉलेज के पास निजी बसों, टैम्पो और ई-रिक्शों के कारण लगने वाले जाम पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग और पुलिस को यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि कटरा, जानसेनगंज, घंटाघर और सिविल लाइंस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क पर व्यापार और अवैध पार्किंग से जाम की समस्या दूर करने के लिए 150 दुकानों को चिन्हित किया गया है, जिन पर जल्द कार्रवाई होगी। बैठक में लोकनाथ चौराहे पर बिजली के तार भूमिगत करने, शाहगंज क्षेत्र में नशेड़ियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने तथा शाहगंज इलेक्ट्रिक मार्केट में सड़क और नाली निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला व्यापार बंधु की बैठक में उठने वाली समस्याओं का संवेदनशीलता और समयबद्ध तरीके से निस्तारण किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को व्यापारियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और प्रत्येक माह बैठक से पहले विभागीय स्तर पर समस्याओं की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

## नैनी में ढाबे के समीप मिला अज्ञात शव शिनाख्त नही

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मंगलवार को एक ढाबे के समीप सड़क पर एक 25 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की। जांच पड़ताल के बाद भी शव को शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। आस पास रहे लोगों ने बताया कि एक युवक मृत पड़ा हुआ इसकी सूचना नैनी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृत युवक की तलाशी ली। मृतक लाल रंग की टीशर्ट और काले रंग की जींस पहन रखा था। मृतक के पास से एक नीले रंग का चेक डार गमछा और स्लीपर चप्पल पड़ी मिली। पुलिस ने मृतक के पास पहुंचकर काफी देर तक शिनाख्त की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। चौकी प्रभारी यश तिवारी ने बताया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव का शिनाख्त कराया मगर शिनाख्त ना होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ओ-लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 10 जुलाई तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण**

**प्रयागराज।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निशुल्क ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यथी 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने बताया कि योजना का लाभ शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के पात्र अभ्यर्थियों को मिलेगा। आवेदन करने वाले अभ्यथी के परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय एवं जाति प्रमाणपत्र तहसील स्तर से जारी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए अभ्यथी का इंटरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा आवेदन के समय उसकी आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यथी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट के माध्यम से 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उसकी प्रिंट प्रति के साथ आय, जाति, आधार कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों सहित सभी आवश्यक अभिलेख संलग्न कर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-65, विकास भवन, प्रयागराज में 10 जुलाई सायं पांच बजे तक जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद अथवा अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विभाग ने अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, प्रयागराज से संपर्क किया जा सकता है।

## अयोध्या रवाना होने से पहले सांसद उज्जवल रमण सिंह हाउस अरेस्ट

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कांग्रेस सांसद उज्वल रमण सिंह को मंगलवार सुबह उनके घर पर हाउस अरेस्ट कर दिया गया। अयोध्या रवाना होने से पहले पुलिस ने कांग्रेस सांसद उज्वल रमण सिंह को उनके अशोक नगर स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया। प्रशासन ने उनके अशोक नगर स्थित आवास के बाहर फोर्स तैनात कर दी। इसके अलावा, कई कांग्रेसी नेताओं को भी उनके घर पर नजरबंद किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से कांग्रेसियों में नाराजगी बनी हुई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेसियों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन-पूजन के लिए जाने वाला था। इसी बीच अयोध्या में अजय राय को नजरबंद किए जाने की सूचना सामने आई। इसके बाद प्रयागराज समेत अन्य जिलों में भी पुलिस सक्रिय हो गई। प्रतिनिधिमंडल मंगलवार सुबह लखनऊ से रवाना होकर 11 बजे अयोध्या पहुंचने वाला था। कांग्रेसियों का कहना है कि यह पूरी तरह धार्मिक कार्यक्रम था और प्रतिनिधिमंडल केवल रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहा था। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। हालांकि, इस मामले में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## दुकान में घुसकर तोड़फोड़ मार पीट का आरोप मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय ख्वाजा निवासी राम कैलाश पुत्र राम पदार्थ गांव में खाद,बीज,किराना की दुकान किए हुए हैं।राक कैलाश का आरोप है कि कुछ लोग दुकान पर जाकर सामान खरीदे पैसा मांगने पर बहानाबाजी करने लगे। आरोप है कि विरोध पर दुकान में घुस कर उसे और उसके भाई राम कृपाल को वेल्ट से गिरा कर मारे पीटे और सामान तोड़ दिए शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।राम कैलाश ने मऊआइमा थाना में ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी नागेन्द्र उर्फ माले, सोमनाथ,दीपू,वेन्द्र उर्फ मिट्ठू,तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## जीएसटी की समस्याओं पर व्यापारियों से संवाद

### वार्षिक रिटर्न और रिवर्स चार्ज व्यवस्था में सुधार की उठी मांग

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्तालय, इलाहाबाद की ओर से मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित जीएसटी भवन के कौटिल्य सभागार में छोटे और मझोले व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान और जागरूकता के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों, कर सलाहकारों और विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता अपर आयुक्त मह्फूजुर रहमान ने की। इस दौरान सहायक आयुक्त हेम नाथ झा, सहायक आयुक्त यश बिशेन सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारियों की ओर से कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोयल ने विभिन्न जीएसटी संबंधी समस्याओं को उठाते हुए नीतिगत मामलों को उच्च स्तर पर भेजने का अनुरोध किया। बैठक में अधिवक्ताओं और कर विशेषज्ञों ने भी जीएसटी पोर्टल पर आ रही तकनीकी दिक्कतों से अधिकारियों को अवगत कराया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। चर्चा के दौरान जीएसटी के नौ वर्ष पूरे होने पर संतोष व्यक्त करते हुए जीएसटीआर-9, जीएसटीआर-9सी, रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म, जीएसटी-2बी, फजी आपूर्तिकर्ताओं के कारण इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़ी समस्याओं तथा रिटर्न फाइलिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। व्यापार प्रतिनिधियों ने छोटे और मझोले कारोबारियों के लिए जीएसटीआर-9 वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की मौद्रिक सीमा बढ़ाने, अनुपालन संबंधी बोझ कम करने तथा रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म को अधिक व्यावहारिक बनाने की मांग रखी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि फजी या गैर-मौजूद फर्मों की धोखाधड़ी का खामियाजा वास्तविक खरीदारों को न भुगतना पड़े। वहीं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन, प्रयागराज शाखा ने जीएसटीआर-9, जीएसटीआर -9सी और जीएसटी-2बी से संबंधित प्रक्रियाओं में सुधार का सुझाव दिया। बैठक के समापन पर अपर आयुक्त मह्फूजुर रहमान ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि बैठक में प्राप्त सुझावों और समस्याओं को उचित स्तर पर उठाया जाएगा, ताकि व्यापारियों को जीएसटी प्रणाली में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का समाधान कराया जा सके।

# जमीन विवाद के चलते तहसील भवन पर चढ़ी महिला, हंगामा

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के धूई गांव में जमीन विवाद चल रहा है। पीड़ित महिला का आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इसी मामले को लेकर सुशील और उसकी बहू एक मासूम बच्चे के साथ मंगलवार की शाम तहसील पहुंची। जहां पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इसी के बाद वह गेट से होकर सीढी से तहसील भवन के ऊपर चली गई। तहसील भवन पर चढ़कर सुशीला ने कूदने का प्रयास किया। इसकी सूचना तहसील में मौजूद लोगों द्वारा कोतवाली में दी गई। इस दौरान तमाम अधिवक्ता व पट्टी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे तक तहसील परिसर में हंगामा चलता रहा। महिला ने पुलिस समेत तमाम लोगों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं दूसरे पक्ष को लेकर भी यह चर्चा होती रही। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा कहा जा रहा था कि दूसरे पक्ष के लोग अपने मकान को गिराकर निर्माण करा रहे है। अपनी कुछ भूमि





छोड़ भी दिया है। इसके बावजूद दूसरे पक्ष द्वारा परेशान किया जा रहा है। वही हंगामे के दौरान पट्टी बार के नवनिर्वाचित कनिष्ठ उपाध्यक्ष वरुण पांडे ने पुलिसिया कार्रवाई पर सीधे सवाल खड़ा किया। अम्मा हंगामे के बाद महिला उपनिरीक्षक ज्योति सविता सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने छत के ऊपर से हंगामा कर रही महिला को नीचे उतारा। पुलिस सास बहू को तहसील से बाहर ले जाने का प्रयास किया। इस पर कुछ अधिवक्ता आक्रोशित दिखाई पड़े। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उनके बस्ते से जबरिया पुलिस महिला को ले जाने का प्रयास कर रही थी। जिसका विरोध किया गया। महिला देर शाम तक तहसील परिसर में ही मौजूद रही।

## आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**प्रतापगढ़। रंजिश** को लेकर पीडिता तथा परिवार के सदस्यो के साथ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रायपुर तियांई गांव निवासी रामआसरे पुत्र रामभरोस ने दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस जून को शाम आठ बजे उसका पुत्र विमलेश रानीगंज बाजार से घर आ रहा था। रास्ते मे पड़ोसी कुर्सी लगाकर बैठे हुए थे।

अचानक विपक्षी अनूप, अनुज पुत्रगण रामकिशोर, राजकुमार सरोज व विनोद तथा राम किशोर पुत्रगण रामदुलारे एवं रामदुलारे की पत्नी श्यामा देवी उसके बेटे को गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो द्वारा लाठी डण्डे से मारपीट शुरू कर दी गयी। तहरीर मे कहा गया है कि आरोपियो ने उसके दोनों बेटे के साथ उसे भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया गया।

## सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**कुंडा। बाघराय** थाना क्षेत्र के धारुपुर गांव निवासी राम आसरे पांडेय का 24 वर्षीय बेटा वेद प्रकाश पांडेय मंगलवार को बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही हाईवे पर पहुंचा अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मनऊ का पुरवा मौली गांव निवासी शिवेश यादव, अभिनव यादव, छह वर्षीय ईशा अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई। रहवई गांव निवासी कमलेश यादव बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## बकाया पैसा मांगने पर युवक को पीटा, दो पर केस

**कुंडा। मानिकपुर** थाना क्षेत्र के जाखामई गांव निवासी आकाश सोनकर ने न्यायालय में वाद दायर किया। वह शादी में फोटोग्राफी का करता है। वह अपने बकाए के चार हजार रुपये मांगने अंशू यादव के पास 27 दिसंबर 2025 को गया। तभी आरोपी ने अपने पिता के साथ जाति सूचक गालियां दीं। विरोध करने पर मारा पीटा। आरोप है उसने पुलिस को नामजद तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अंशू यादव, उसके पिता राजकुमार यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## भाजपा नेता को फेसबुक पर धमकाया, केस

**कुंडा। बाघराय** थाना क्षेत्र के भीटी पूरे नैन चकवड़ निवासी भाजपा नेता पवन कुमार गौतम ने पार्टी नेतृत्व की जरूरत बताते हुए फेसबुक पर मैसेज पोस्ट किया था। इस पर रामसिंह नामक आईडी से पवन को धमकी दी गई। पवन ने मामले में साइबर थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## महिला को जहरीले जंतु ने काटा

**कुंडा। मानिकपुर** थाना क्षेत्र के साहूमई गांव निवासी शिव नरेश की पत्नी सलोनी सोमवार रात करीब आठ बजे घर में कुछ काम कर रही थी। तभी पहले से बैठे किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। थोड़ी देर में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो घबराए परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## संविदा डूडाकर्मी पर वसूली का आरोप, लाभार्थियों में आक्रोश

**कुंडा। नगर** पंचायत हीरागंज में तैनात संविदा डूडा कर्मी केशव कुमार पर आवास योजना के लाभार्थियों से अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि वह आवास लाभार्थियों के घर-घर जाकर पैसों की मांग कर रहा है तथा पैसे न देने पर किस्त रोकने की धमकी भी दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित डूडा कर्मी ने अपनी गतिविधियों के प्रचार-प्रसार और फोटो खींचने के लिए अपने गृह जनपद अयोध्या से एक युवक को भी बुलाया है। लाभार्थियों का आरोप है कि प्रत्येक आवास से धन उगाही करना ही उसका मुख्य उद्देश्य बन गया है, जिससे योजना के पात्र लाभार्थियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। आवास योजना से जुड़े दशरथ यादव, विमलेश यादव, शिव सागर, प्रदीप कुमार आदि लाभार्थियों ने बताया कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वे शीघ्र ही जिलाधिकारी एवं नगर विकास मंत्री से मिलकर लिखित शिकायत करेंगे और पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग करेंगे। मामले कों लेकर अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## युवक से मारपीट के बाद घर में घुसकर तोड़फोड़ का आरोप

**पट्टी। दिलीपपुर** थाना क्षेत्र के खमपुर गांव में दुकान की उधारी का पैसा मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि उधारी मांगने से नाराज तीन लोगों ने युवक को रास्ते में रोककर मारपीट की और बाद में उसके घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसने दुकान का बकाया पैसा मांगा था, जिसको लेकर आरोपी नाराज हो गए। आरोप है कि तीनों लोगों ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद घर पहुंचकर दरवाजे सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित की शिकायत पर दिलीपपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चार आरोपियों पर अपहरण व दुष्कर्म का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़। सांगीपुर** थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने चार आरोपियों के खिलाफ नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोशी की दशा में अपहरण तथा दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने लालगंज सीओ को घटना के बाबत तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार की है। तहरीर में पीडिता ने कहा है कि वह बीती तेईस अप्रैल को अपने पिता के घर पर थी। रात करीब ग्यारह बजे जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के आरोपी उसके घर में अचानक घुस आये।

आरोपियो द्वारा उसके माता पिता को जबरिया नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया गया। आरोप है कि पीडिता को आरोपी वाहन मे बैठाकर अपहृत कर ले गये। तहरीर मे कहा गया है कि आरोपियो द्वारा उसके साथ कई बार जबरिया अनैतिक सम्बन्ध बनाए गए। तेईस जून की रात वह अचानक भाग कर घर पहुंची और माता पिता को आपबीती सुनाई। पीड़िता ने सीओ को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## आषाढ़ माह के प्रथम मंगलवार को सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन

**कुंडा। बाबागंज** ब्लॉक सभागार में आषाढ़ माह के प्रथम मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक के बगल स्थित भद्रकाली धाम में सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके बाद हनुमान जी की आरती व पूजा-अर्चना की गई। ब्लॉक परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें खंड विकास अधिकारी, पंचायत कर्मियों, प्रधान प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान एडीओ



पंचायत केवला प्रसाद ,प्रधान संघ अध्यक्ष ओमानंद द्विवेदी, आशुतोष तिवारी,अजय सिंह , अमित शुक्ला बब्बू, सोनू दुबे ,मोहित तिवारी, संजय सिंह ,रोहित सिंह, अरविंद सरोज,अन्नू मिश्रा, दरोगा पटेल, समेत बड़ी संख्या में प्रधान व ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे ।

## खेत में लगे झटका तार के समीप मिला 90 वर्षीय वृद्धा का शव

**कुंडा। महेशगंज** थाना क्षेत्र के पींग गांव में मंगलवार की सुबह 90 वर्षीय वृद्धा का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां पर वृद्धा का शव मिला उसके कुछ ही दूरी पर खेत में जानवरों से फसलों को बचाने के लिए झटका तार लगाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

पींग गांव निवासी शुबरा बानो पत्नी स्व. बदलू सोमवार की रात से अपने घर से अचानक लापता हो गई थीं। परिजनों ने रातभर गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह जब ग्रामीणों ने गांव के बाहरी हिस्से में स्थित खेतों की तरफ देखा तो शुबराबानो का शव झटका तार के निकट भूमि पर पड़ा हुआ था। शव मिलने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर एकत्र हो गई और पूरे गांव में शोक एवं भय का वातावरण बन गया। इस घटना के पश्चात ग्रामीणों ने खेतों में लगाए जाने वाले झटका तारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ग्रामीणों का आरोप है कि फसल को बचाने के नाम पर लगाए जा रहे इन तारों में यदि अत्यधिक अथवा अनियंत्रित विद्युत प्रवाह किया जा रहा है तो यह किसी भी आम नागरिक के लिए प्राणघातक सिद्ध हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में लगे समस्त झटका तारों की तत्काल जांच कराई जाए और नियम विरुद्ध तार लगाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। सूचना पर महेशगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। परिजनों के अनुसार वह वृद्धावस्था के कारण शारीरिक एवं मानसिक रूप से कमजोर थीं और संभवतः भ्रमित अवस्था में खेत की तरफ चली गई होंगी। परिजनों की आपसी सहमति से शुबराबानो का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। महेशगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा अभी तक कोई लिखित तहरीर पुलिस को उपलब्ध नहीं कराई गई है। तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कैण्डिल मार्च निकालकर भरत भूषण की स्मृति को किया नमन

**प्रतापगढ़। बिहार** मे भरत भूषण तिवारी के इनकाउण्टर को लेकर अभी भी लोगों मे आक्रोश जारी है। हरनाहर में सोमवार की शाम लोगों ने कैण्डिल मार्च निकालकर भरत भूषण तिवारी की स्मृति को नमन किया। इनकाउण्टर को लेकर विरोध जता रहे लोगों ने सरकार से भरत भूषण के इनकाउण्टर के दोषी पुलिसकर्मियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर शिक्षक नेता राजेश पाण्डेय, बबलू मिश्र, मोनू पाण्डेय, बब्बू मिश्र, अमित शुक्ला।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से हमला, 20 घायल

**पट्टी। कोतवाली** क्षेत्र के पेड़रा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों ओर से चले लाठी-डंडों में करीब 20 लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल एक महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब सात बजे रास्ते को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से मार-पीट शुरू हो गई। आरोप है कि लाठी-डंडों से किए गए हमले में कई लोग घायल हो गए।पहले पक्ष से मोनू गौतम, काजल, रंजन, सीता, गुड्डू,



**महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर**

सरोज, भागीरथी, गुड़िया, बसंती, फूला, राहुल और सोनू समेत कई लोगों को चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष से मुन्नालाल, जयशंकर, राम उदित, पियालाल, रमेश, मुकेश, वंदना और रेखा भी घायल हुए हैं।सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी पट्टी भेजा गया। चिकित्सकों ने बसंती की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।सीएचसी के चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि मार-पीट में घायल कई लोग उपचार के लिए आए थे। एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## डंफर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, युवक की मौत

**पट्टी। दिलीपपुर** थाना क्षेत्र के देवन मऊ गांव के पास सोमवार रात तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव निवासी मुंशी राजा के 30 वर्षीय पुत्र जावेद सोमवार शाम मुंबई जाने के लिए घर से निकले थे। उन्हें उद्योग नगरी ट्रेन पकड़नी थी। वह पट्टी से टेंपो के जरिए दीवानगंज बाजार पहुंचे, जहां से ई-रिक्शा पर सवार होकर प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन



जा रहे थे। बताया जाता है कि सोमवार रात करीब 8.50 बजे जब ई-रिक्शा चिलबिला-पट्टी मार्ग पर दिलीपपुर थाना क्षेत्र के देवन मऊ गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जावेद सड़क पर जा गिरे और डंपर उनके ऊपर से गुजर गया। हादसे में उनके दोनों पैर कटकर अलग हो गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में निजी वाहन से घायल जावेद को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जावेद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही दिलीपपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर लोगों से जानकारी जुटाई।

## मनायी गयी ऊदा देवी की जयन्ती, स्मृति को किया नमन

**प्रतापगढ़। सांगीपुर** क्षेत्र के दलापटटी गांव में मंगलवार को वीरांगना ऊदा देवी जन्म जयन्ती को लेकर कांग्रेसियो ने पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वक्ताओ ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी शौर्य साहस व पराक्रम की प्रतीक थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख रामकृपाल



पासी व संचालन राजू मिश्र द्वारा किया गया । इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, अशोकधर द्विवेदी, मुन्ना मिश्र, रामसमुझ सरोज आदि रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



**कुंडा। एमएमपीजी** कॉलेज कालाकांकर के बीएड विभाग की प्राध्यापिका प्रो. विनीता सिंह, वाणिज्य संकाय के प्रो. उग्रसेन सिंह मंगलवार को कॉलेज से सेवानिवृत्त हुए। प्राचार्य प्रो. डॉ. शिवम श्रीवास्तव ने मार्त्यापण कर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिवम श्रीवास्तव, संचालन डॉ. सृष्टि कुशवाहा ने किया। प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह, मैनेजर डॉ. घनश्याम यादव ने सेवानिवृत्त दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अब्दुल रज्जाक, मीना देवी, डॉ. रोहित कुमार, उदय सिंह, अभय प्रताप, अफसार, कमलेश कुमार, रमेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार, अंतिम पाल, आनंदिता त्रिपाठी, राम कुमार, रजनीश कुमार, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**पट्टी। विकास** खंड बाबा बेलखरनाथ धाम के खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह के 30 वर्षों की सरकारी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को ब्लॉक सभागार में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों और सचिवों ने उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह की अध्यक्षता एडीओ पंचायत कृष्ण कुमार यादव ने की। वक्ताओं ने कहा कि सुरेंद्र बहादुर सिंह का कार्यकाल एक सरल, मिलनसार, ईमानदार और कर्मठ अधिकारी के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उनके नेतृत्व में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायत भवन निर्माण तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी




महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिली, जिससे विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए।अपने विदाई संबोधन में सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि किसी भी अधिकारी की सफलता उसके सहयोगी कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने पूरे स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा काल के दौरान मिला सम्मान, सहयोग और स्नेह उनके लिए जीवनभर की अमूल्य पूंजी रहेगा। उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव भी साझा किए, जिन्हें सुनकर कई कर्मचारी भावुक हो गए। इस अवसर पर सुनील प्रभाकर पाण्डेय, अभिजीत यादव, दुर्गेश यादव, ग्राम प्रधान असफाक अहमद, समशुल हक, दीपक सिंह, सोनू सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अभिजीत सिंह, सचिव रोहित सिंह, तुषार शुक्ला, संतोष कुमार, निलेश कुमार, भारत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, सचिव एवं ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईडी हैक पर अश्लील फोटो अपलोड करने को लेकर आरोपी पर मुकदमा

**प्रतापगढ़। पीड़िता** की आईडी हैक कर अश्लील बातें व गंदी फोटो अपलोड करने को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि आरोपी द्वारा उसके मोबाइल फोन की आईडी पर भददी भददी फोटो अपलोड की जा रही है। पीडिता के द्वारा फोन पर शिकायत दर्ज कराने पर आरोपी द्वारा कहा गया कि गूगल हैक कर लिया है ।

# संदिग्ध दशा में बालिका की मौत

## दुपट्टे से फांसी लगाने की बात लोगों को नहीं हो रही हजम

अखंड भारत संदेश



**करारी कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र के बभनपुर गांव में कक्षा 9 में पढ़ने वाली एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही गांव के सैकड़ो लोग घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार के लोगों का कहना है कि बालिका ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या किया है लेकिन दुपट्टे की लंबाई छोटी होने के चलते दुपट्टे से फांसी लगाया जाना संभव नहीं है जिस पर ग्रामीणों ने सवाल खड़े कर दिए हैं जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बभनपुरवा गांव की रितु यादव उम्र लगभग 16 वर्ष क्षेत्र के एक विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा थी परिवार के लोगों का कहना है कि मंगलवार को घर के अंदर बाँस में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर बालिका ने आत्महत्या कर लिया है बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर गांव के सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई लोगों के बीच तमाम चर्चाएं हो रही थी मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिवार के लोगों का कहना है कि वह घटना के समय खेत में मूंग तोड़ने गए थे और बालिका घर में अकेली मौजूद थी जिस पर बीमारी के चलते परेशान होकर के बालिका ने आत्महत्या कर लिया है जब परिवार के लोगों ने बालिका को आत्महत्या करते नहीं देखा तो किस साक्ष्य के तहत परिवार के लोगों ने बालिका की मौत को आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया है परिवार के लोगों की संपूर्ण बातों पर दुपट्टे से फांसी लगाए जाने की बात ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है बालिका की मौत पर यदि परिस्थिति जन्य साक्ष्य को संज्ञान में लेकर जांच कराई गई तो बालिका की मौत के रहस्य उजागर होंगे

## अझुवा में रांग साइड से आ रही लक्जरी कार डिवाइडर पर चढ़कर पलटी, 12 लोग जख्मी



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे में रविवार को देर रात्रि एक तेज रफ्तार कार रांग साइड से आते समय अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। हादसे में कार सवार सभी लोगों को हल्की चोटें आईं। सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया।जानकारी के अनुसार चालक मानसिंह मौर्य पुत्र घनश्याम निवासी रसूलपुर गिरसा थाना कोखराज अपनी कार वढ83 अउ 7365 से अजय कुमार पुत्र देवराज निवासी रसूलपुर गिरसा, अंसधारी पुत्र गंगाराम, अभिषेक पुत्र मेदीलाल निवासी भैला मकदूमपुर थाना करारी सहित कुल 12 लोगों (चार पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चों )के साथ कनवार थाना सैनी से दावत खाकर भैला मकदूमपुर लौट रहे थे। कार सवार ज्योंहि अझुवा कस्बा पहुंचा खत्म हुए डिवाइडर पर अनियंत्रित होकर पलट गई,चीख पुकार पर स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे और राहत बचाव में जुटते हुए चौकी पुलिस को सूचना दी हादसे में कार सवार सभी लोगों तथा अंकित नामक युवक को मामूली चोटें आईं। सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया।नगरवासियों के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण वाहन का रांग साइड से आना बताया जा रहा है। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## सैकड़ो साल पुराने रास्ते को दबंगों ने कर दिया बंद

**रास्ता बंद कर दिए जाने के मामले में लेखपाल और पुलिस की भूमिका पर खड़े हैं सवाल, योगी सरकार का गांव की समस्या गांव में समाधान साबित हो रहा बकवास**

**कौशांबी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के छोटा पचम्बा गांव में आबादी आराजी संख्या 535 में गांव के गरीब कमजोर मजलूम सैकड़ो लोगों के घर सैकड़ो साल पहले से बने हैं इस आबादी की जमीन में गरीब मजलूम कमजोर लोगों के परिवार की चार पीढ़ी से पांच पीढ़ी पुरानी निवास कर रही है गरीबों के घर के आने-जाने का जो रास्ता सैकड़ो साल से था उस रास्ते पर गांव के दबंग धनराज यादव ने करारी थाना पुलिस और लेखपाल से मिली भगत करके लगभग 2 महीने पहले दिवाल खड़ी कर कब्जा कर लिया जिससे गांव के सैकड़ो लोगों का आने-जाने का रास्ता बंद हो गया और आने-जाने में लोगों को दिक्कतें होने लगी थाना दिवस से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विद्या प्रकाश साहू सहित तमाम लोगों ने शिकायत किया मामले में थाना पुलिस और लेखपाल लगातार अधिकारियों को गुमराह करते रहे जिससे 100 साल पुराना रास्ता फिर बहाल नहीं हो सका जिससे मजबूर गरीब कमजोर लोग जिला अधिकारी की चौखट पर पहुंचे आईजीआरएस के माध्यम से शिकायतें दर्ज कराई थाना समाधान दिवस से लेकर तहसील समाधान दिवस तक रास्ता खोले जाने की फरियाद की लेकिन पूरी व्यवस्था पर थाने के सिपाही और लेखपाल भारी पड़ गए ना तो डीएम के आदेश पर 100 साल पुराना रास्ता खोला गया एसपी के निर्देश पर भी 100 साल पुराना रास्ता नहीं खोला गया इतना ही नहीं जनसुनवाई पोर्टल के आईजीआरएस में शिकायत करने के बाद भी 100 साल पुराने रास्ते को बहाल नहीं किया गया है जिससे कौशांबी की चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है गरीबों का किस तरह से दबंग शोषण कर रहे हैं और अधिकारी केवल औपचारिकता निभाने तक सीमित रह गए हैं यह तो जिले का एक उदाहरण है इसके अलावा तमाम ऐसे गरीब कमजोर मजलूम है जो न्याय के लिए योगी सरकार में दर दर भटक रहे हैं लेकिन गरीब कमजोर मजलूम लोगों को योगी सरकार में न्याय नहीं मिल रहा है अब सवाल उठता है कि गरीब कमजोर मजलूम अपने परिवार की रोटी के लिए मेहनत करके परिवार का भरण पोषण करें या फिर अपनी रोजी-रोटी के धंधे को छोड़कर न्याय पाने के लिए अधिकारियों की चौखट पर फरियाद करते रहे हैं उसके बाद भी गरीब कमजोर को न्याय ना मिले कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को इन मामलों को गंभीरता से लेकर दोषी सरकारी नुमाइंदों को दंडित करते हुए सैकड़ो साल पुराने रास्ते को बहाल कर गरीब कमजोर को राहत देना होगा तभी बेहतर कानून व्यवस्था की उम्मीद की जा सकती है

# पीने के पानी के लिए प्यास से भटक रहे हैं आधे गांव के लोग

**योजना पूरी तरह से फ्लॉप सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद कर रहे ग्रामीण**

**जल जीवन मिशन योजना में पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाए जाने में करोड़ों का घोटाला**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी** हर घर जल हर घर नल योजना के तहत भारत सरकार के निर्देश पर गांव-गांव में पानी की टंकी बनाई गई और जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई गई लेकिन यह पूरी योजना केवल योजना के ठेकेदार और विभाग से जुड़े अधिकारियों के कमाई का साधन बनकर रह गई है पूरी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है पानी टंकी का ढांचा खड़ा करके फोटो खींचकर योजना की सफलता बताई जा रही है और इसी फोटो और ढांचे को देख कर सरकार के मंत्री विधायक सांसद भी योजना की सफलता का गुणगान मंच बाइक से कर रहे हैं अधिकारी भी जल जीवन मिशन की सफलता पर खुद अपनी पीठ थपथपा रहे हैं लेकिन हकीकत है कि जल जीवन मिशन योजना की पानी टंकी गांव के लोगों को पानी नहीं दे रही है जिससे गांव के लोग प्यास से व्याकुल होकर इधर-उधर भटक रहे हैं ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव का है बालीपुर टाटा गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च करके पानी टंकी का निर्माण कराया गया है पानी टंकी निर्माण के समय गांव में पाइपलाइन बिछाए जाने में फिर करोड़ों रुपए खर्च कर दिया गया है लेकिन योजना पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है जिससे गांव के लोग सड़क पर उतर रहे हैं और धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद कर रहे हैं पानी टंकी का समुचित देखरेख और प्रबंधन ठीक तरीके से न किए जाने से गांव के आधे लोग पानी के लिए परेशान दिखाई पड़ रहे हैं एक लोटा पानी के लिए गांव के लोग इधर-उधर भटक रहे हैं कहीं पानी टंकी में ऑपरेटर नहीं है तो कहीं पानी टंकी की मोटर जल गई है तो कहीं पानी टंकी में बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है आखिर सवाल उठता है कि जब योजना के तहत करोड़ों रुपए की रकम खर्च की गई है तो पारदशी तरीके से पानी सप्लाई प्रतिदिन गांव के लोगों को क्यों नहीं दी जाती है इसके पीछे दोषी कौन है लेकिन दोषी की जांच करके उसे दंडित करना और पानी की सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारी भी टाल मटोल कर योजना की धांधली पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं जिससे मोदी सरकार की जल जीवन मिशन योजना फ्लॉप है और पीने के पानी के लिए हजारों आम जनता परेशान है जिसका समाधान होता नहीं दिख रहा है

# कांग्रेस और पुलिस के बीच में चला हाउस अरेस्ट होने का नाटक कैसे मजबूत होगी कांग्रेस

## अयोध्या दर्शन से पहले, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय समेत कई पदाधिकारी किए गए हाउस अरेस्ट

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी** कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर अयोध्या श्री राम मंदिर जाने के बजाय हाउस अरेस्ट की ड्रामेबाजी में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है जिला अध्यक्ष के आवास की जिस तरह से फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है उसमें पुलिस सोफे पर बैठकर मोबाइल में मस्त है और वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष उनके बगल में बैठे हैं यदि हाउस अरेस्ट किए जाते तो पुलिस की पैनी नजर जिला अध्यक्ष पर होती उसके बाद भी पुलिस को चकमा देकर कांग्रेस पाटी के नेता भाग कर अयोध्या पहुंच जाते लेकिन पुलिस की नजर कांग्रेस पर न होने के बाद जिला अध्यक्ष और कांग्रेस नेताओं ने अयोध्या पहुंचने का प्रयास नहीं किए हैं जिससे उनकी फोटो छपास का अंदाजा लगाया जा सकता है सवाल उठता है कि केवल फोटो छपास तक सीमित रहने वाले कांग्रेस जिला अध्यक्ष के कार्यकाल में कांग्रेस कैसे मजबूत होगी चायल विधानसभा के अन्तर्गत नगर पंचायत चरवा में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया मामला यह था कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अयोध्या स्थित राम मन्दिर दर्शन,पूजन के लिए पहुंचना था लेकिन पुलिस प्रशाशन द्वारा प्रदेश के कई जिलों के जिलाध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया !इस पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने बताया कि आज हम सभी अपने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं सासंदगणों,विधायकों के साथ अयोध्या में दर्शन का कार्यक्रम सुनिश्चित था लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतारू है अब भगवान के दर्शन पूजन पर भी रोक टोक और गिरफ्तारी करवाना यह साफ दर्शाता है भाजपा सदैव की तरह आज भी तानाशाही के रास्ते को अपनाया। जनता के चढ़ावे के पैसे का घोटाला कर भगवान राम को भी नहीं छोड़ा और जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाया इनका मकसद रहा है कि लुटेरों को संरक्षण और सुरक्षा देना भाजपा सरकार की मंशा रही है लेकिन यह भी सत्य है कि ईश्वर के घर देर है अंधेर नहीं। ऐसी भाजपा सरकार को भगवान राम और देश की जनता अब कभी माफ नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के साथ हाउस अरेस्ट होने वालों में पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह पटेल,दीपक पाण्डेय,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय युवा कांग्रेस के सचिव कृष्णा यादव,फ्ळक विभाग के अध्यक्ष आयूष यादव,अर्पित त्रिपाठी,सिराथू ब्लाक अध्यक्ष प्रियांशू कुमार,रोहित सिंह आदि को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया।साथ जिले में भिन्न भिन्न जगहों से कांग्रेस के पदाधिकारी हाउस अरेस्ट किए गए।जिसमें जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू,राम सूरत रैदास,नैय्यर रिजवी,कुलदीप शुक्ला उदय यादव जिला महासचिव शशि त्रिपाठी, आसिफ अल्वी,अर्श खुशीद,सन्तोष शुक्ला,कड़ा ब्लाक अध्यक्ष रफीक अहमद, नेवादा ब्लॉक अध्यक्ष रावेन्द्र यादव, मोहम्मद नोमान मूरत गंज ब्लॉक अध्यक्ष, राज बहादुर पासी,सरसावां ब्लॉक अध्यक्ष भागीरथी पटेल जिला सचिव रमेश यादव,सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी हिरासत में लिए गए है।

## रहस्यमय परिस्थितियों में अधेड़ महिला हुई लापता

**हर्रायपुर कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी चमेली देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी राम भवन कोरी 25 जून की सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गई हैं। परिजनों की तहरीर पर कोखराज थाना पुलिस ने 28 जून को गुमशुदगी दर्ज कर महिला की खोज शुरू कर दी है अधेड़ महिला के गायब होने के पूर्व महिला का अपने पति और परिवार के लोगों से विवाद भी हुआ था महिला से विवाद के बाद परिवार के लोग ही महिला के गायब होने की कहानी बता रहे हैं जिससे परिवार की बातों पर भरोसे की उम्मीद नहीं की जा सकती है परिवार से परेशान होकर महिला गायब हो गई है या फिर उसके साथ कोई अनहोनी घटना हुई है यह तो बड़ी जांच का विषय है लेकिन अधेड़ महिला के रहस्यमय परिस्थितियों में गायब होने के बाद महिला के परिवार के लोग भी पुलिस की जांच में निशाने पर हैं लेकिन धीरे-धीरे 6 दिन बीत जाने के बाद गायब अधेड़ महिला का कहीं सुराग नहीं लगा है

## बिन ब्याही मां ने नवजात शिशु को फेंका



**कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमली गांव के बाहर मंगलवार की सुबह बोरे के अंदर एक नवजात शिशु पड़ा हुआ था नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पहुंचे और जब बोरे को खोलकर देखा तो अंदर जीवित नवजात शिशु मिला है गांव के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात शिशु को अपने हवाले ले लिया है बताया जाता है कि बिन ब्याही माँ ने नवजात शिशु को जन्म देने के बाद लोक लाज के भय से नवजात शिशु को बोरे के अंदर भरकर फेंक दिया है मां की करतूत का खामियांजा नवजात शिशु भुगत रहा है भगवान पुर चौकी पुलिस व सी एच सी सराय अकिल की टीम मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु को चाइल्ड लाइन टीम को सुपुर्द कर दिया है डा ललित सिंह अधीक्षक सीएचसी सराय अकिल ने बताया कि शिशू डेढ़ किलो वजन का था नवजात शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए डॉक्टर उसे जिला अस्पताल में ले गये हैं

# मरीजों से लूट का अड्डा बन चुका है मेडिकल कॉलेज

**मेडिकल कॉलेज में भले ही डॉक्टर बनाए जाते हो लेकिन मरीजों के लिए बकवास साबित हुआ मेडिकल कॉलेज**

**रेडियोलॉजिस्ट की नहीं है तैनाती कैसे हो मेडिको लीगल निजी अस्पतालों के संचालन में व्यस्त डॉक्टर और कमी समय से नहीं पहुंचते मेडिकल कॉलेज**

**कौशांबी** कहने के लिए तो संयुक्त जिला चिकित्सालय को स्वाशीय राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज बना दिया गया लेकिन सुविधाओं के नाम पर मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से चौपट हो गया है छोटे-छोटे मर्ज में मेडिकल कॉलेज से मरीज प्रयागराज के अस्पताल में रेफर किए जा रहे हैं आखिर जब मेडिकल कॉलेज की स्थापना कौशांबी में हो चुकी है तो यहां के मरीजों को प्रयागराज के अस्पतालों में रेफर करने की कैसे जरूरत पड़ रही है यदि मरीज के रेफर करने की एक साल की संख्या की जांच कर ली जाए तो मेडिकल कॉलेज की चौपट व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है अंधेर तो तब हो गया जब संयुक्त जिला चिकित्सालय की सुविधा भी मेडिकल कॉलेज में मरीजों को नहीं मिल रही है मरीज के परिवार के लोगों को बैठने के लिए कोई व्यवस्थाएं नहीं है जिससे मरीज के परिवार के लोग पूरे दिन इधर-उधर परेशान दिखाई पड़ते हैं जिला अस्पताल के समय में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होती थी जिसे मेडिकल मरीज की स्थापना किए जाने के बाद यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी हो गई है रेडियोलॉजिस्ट ही तैनात नहीं है जिससे पुलिस केस से संबंधित मेडिको लीगल नहीं बन रहा है मेडिको लीगल ना बनने से अदालत की कार्यवाही तक मेडिको लीगल पहुंच जाता था जिसका सीधा लाभ अपराधी उठा रहे हैं और वह अपराध का दंड पाने से बच जाते हैं मेडिकल कॉलेज बनाने के बाद एक रेडियो लॉजिस्ट की तैनाती नहीं हुई है जिससे मेडिकल कॉलेज में पुलिस केस से संबंधित इलाज का मेडिको लीगल मरीजों का नहीं बन रहा है बेली अस्पताल प्रयागराज के मेडिको लॉजिस्ट की तैनाती कौशांबी में तीन दिन की गई है और वह सीएमओ के अधीन है तीन दिन कौशांबी में उनके बैठने की ड्यूटी है लेकिन वह भी कौशांबी की ड्यूटी पर तीन दिन दिखाई नहीं देते हैं जिससे मेडिको लीगल का काम पूरी तरह से बाधित हो चुका है मेडिकल कॉलेज की स्थापना होने के बाद पढ़ाई करने के बाद भले ही यहां डॉक्टर बनाए जाने लगे हो लेकिन मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज बकवास साबित हो चुका है मरीजों को सुविधा नहीं मिल रही है जिससे मरीज दर-दर भटक रहे हैं मेडिकल कॉलेज में मरीज को पीने के लिए ठंडा पानी की कई मशीन लगाई गई है लेकिन घटिया मशीन खरीद के चलते मशीन खराब हो गई है जिससे मरीजों को पीने के लिए पानी नहीं है एक लोटा पानी के लिए जिला अस्पताल में सैकड़ो मरीज के परिजन पूरे दिन इधर-उधर भटकते देखे जाते हैं जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के आधे से अधिक डॉक्टर खुलेआम निजी नर्सिंग होम के संचालन में व्यस्त दिखाई पड़ रहे हैं ड्यूटी पर समय से मौजूद नहीं रहते हैं जिससे मरीज कराहते और तड़पते देखे जाते हैं जब कभी डॉक्टर अपने चेंबर में पहुंचते हैं तो मरीजों की इतनी लंबी लाइन लग जाती है कि कई कई घंटे बाद मरीज डॉक्टर तक पहुंच पाते हैं तब तक उनकी पीड़ा इतनी बढ़ जाती है तो मरीज दर्द से परेशान और विचलित हो जाते हैं लेकिन उनकी पीड़ा समझने सुनने वाला कोई नहीं दिखाई पड़ रहा है मेडिकल कॉलेज की चौपट व्यवस्था को सुधारने के लिए मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य तनिक भी गंभीर नहीं है मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने जिला अधिकारी के माध्यम से उच्च न्यायालय में शपथ पत्र दाखिल किया है कि वह निजी अस्पताल का संचालन नहीं कर रहे हैं लेकिन उसके बाद आधे से अधिक डॉक्टर निजी अस्पताल के संचालन में पूरी तरह से व्यस्त हैं जिससे मेडिकल कॉलेज में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है मरीजों के इलाज में केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं मरीजों के पहुंचने पर जिस काउंटर पर मरीजों के पर्चे बनाए जाते हैं उस काउंटर की भी सुविधा नहीं बहाल की गई हैं पर्चे के काउंटर पर इतनी लंबी लाइन लगी रहती है कि आधे आधे घंटे बीत जाने के बाद मरीज का पर्चा नहीं बन पाता है आखिर मेडिकल कॉलेज है या फिर केवल औपचारिकता निभाने का अभियान रह गया है यदि पर्चे के काउंटर में अधिक भीड़ लगती है तो पर्चे के काउंटर में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर वहां की भीड़ को कम किया जा सकता है लेकिन इस और भी प्रधानाचार्य ने अपनी कोई रुचि नहीं दिखाई है जिससे मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में प्रधानाचार्य की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है सवाल उठता है कि मेडिकल कॉलेज बनने के बाद मरीजों की सुविधाएं बढ़ेगी या फिर इलाज के लिए मरीज परेशान दिखाई पड़ेंगे मेडिको लीगल के लिए मरीज परेशान दिखाई पड़ेंगे इतना ही नहीं प्रसव केंद्र में खुलेआम मरीजों से वसूली हो रही है जिला अस्पताल के डॉक्टर और कमर्चारी ही प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज करने की मरीजों के परिजनों को सलाह देकर निजी अस्पतालों में उनका इलाज करके उनसे धन लूट रहे हैं उसके बाद भी इन डॉक्टर और कमियों के कारनामों को प्रधानाचार्य ने संज्ञान नहीं लिया है मेडिकल कॉलेज मरीजों से लूट का अड्डा बन चुका है जिस पर रोक लगाए जाने की मांग आम जनता ने शासन प्रशासन से की है

## न्यूज झरोखा

### अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटे धर्मेन्द्र सरोज व रितेश कुमार मौर्य का फूल-माला व मिठाई से भव्य स्वागत

**अंदावा के पल्टीपुर व शहजादपुर में जश्न का माहौल,**



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील अंतर्गत अंदावा पल्टीपुर व शहजादपुर गांव में मंगलवार को खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के लाल धर्मेन्द्र सरोज व रितेश कुमार मौर्य के इंडियन आमी में अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर घर वापस आने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में जश्न का माहौल बन गया माता-पिता और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर जवान का भव्य स्वागत किया। पल्टीपुर शहजादपुर निवासी धर्मेन्द्र सरोज व रितेश कुमार मौर्य का चयन पिछले साल अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में हुआ था। करीब 9 महीने की कड़ी ट्रेनिंग के बाद अब अपने गाँव लौटे हैं। घर पहुंचते ही गांव के युवाओं ने उन्हें कंधे पर उठा लिया और भारत माता की जय' के नारे लगाए भावुक हुए माता-पिता की अपने बेटे को सेना की वदी में देखकर आंखें भर आईं। पिता ने कहा आज गांव-परिवार का नाम रोशन हो गया। बेटे पर गर्व है। माँ ने बेटे की आरती उतारकर तिलक किया और मुंह मीठा कराया।गांव में उत्सव जैसा माहौल है धर्मेन्द्र के घर पहुंचते ही सैकड़ों ग्रामीण स्वागत के लिए उमड़ पड़े

### डिप्टी सीएम से मिले मंझनपुर ब्लॉक प्रमुख जिले की राजनीति पर हुई चर्चा




**कौशांबी** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मंगलवार को मंझनपुर ब्लॉक प्रमुख सरला राय और उनके पति हुबलाल दिवाकर ने लखनऊ स्थित उनके आवास में मुलाकात की है उन्हें प्रभु श्री राम और जानकी की मूर्ति वा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिरात्मक चिन्ह तस्वीर भेंट की है और गुलदस्ता भेंट कर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का हुबलाल दिवाकर ने स्वागत किया है इस दौरान डिप्टी सीएम ने हुब लाल दिवाकर से जिले की राजनीति पर चर्चा करके स्थितियों की जानकारी ली है जिले के विकास पर भी डिप्टी सीएम ने ब्लॉक प्रमुख और उनके प्रतिनिधि से चर्चा की और स्थितियों की जानकारी ली

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया मान्या केयर क्लीनिक का उद्घाटन



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी के परसरा चौराहा के पास भरवारी रोड पर स्थित मान्या केयर क्लीनिक का भारतीय जनता पाटी के जिलाध्यक्ष धर्म राज मौर्या ने मंगलवार को फीता काट कर क्लीनिक का उद्घाटन किया मेहता रोड पर जीवन दीप अस्पताल के अलावा एक भी क्लीनिक इस रोड पर नहीं थी मान्या केयर क्लीनिक का उद्घाटन के जाने के बाद मरीज को सहूलियत मिलेगी इस मौके पर उन्होंने क्लिनिक के संचालक डॉ मनोज कुमार को क्लीनिक सुचारु रूप से संचालित कर दूर दराज से आए हुए मरीजों को सस्ता सुलभ उपचार कर एक नया कीतिर्मान स्थापित करने की ढेर सारी शुभकामना दी इस मौके पर कर्मठ एवं अनुभवी चिकित्सक एवं वरिष्ठ सर्जन तथा किसी भी अंग का सजरी में महारथ हासिल कर चुके डॉ ओ पी गुप्ता भरवारी नगर के पूर्व चेयर मैन एवं समाज वादी पाटी के प्रदेश सचिव कैलाश केशरवानी डॉ राधे श्याम मौर्या डॉ राहुल मौर्या डॉ सुरेंद्र मौर्य उर्फ गोलू गुड्डू कौशल रेडीमेड सहित तमाम लोग मौजूद रहे '

### अझुवा में फिर सर्विस लेन पर अतिक्रमण, प्रशासन की कारर्वाई बेअसर

**ठेलिया-रेहड़ी वालों के कब्जे से राहगीर परेशान,आए दिन विवाद और मारपीट;तीन माह पहले चला था अभियान**



**अझुवा कौशाम्बी** राष्टीय राजमार्ग पर स्थित आदर्श नगर पंचायत अझुवा में हाईवे की सर्विस लेन पर एक बार फिर ठेलिया और रेहड़ी संचालकों का कब्जा हो गया है। हालात यह हैं कि सर्विस लेन पर आवागमन करने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह लगी ठेलियों के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आए दिन राहगीरों और ठेला संचालकों के बीच कहासुनी के साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी सवालों के घेरे में है।करीब तीन माह पूर्व एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर जेसीबी की मदद से सर्विस लेन को अतिक्रमण मुक्त कराया था। उस दौरान अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी थी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चालान और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन कार्रवाई का असर कुछ ही दिनों तक दिखाई दिया और अब सर्विस लेन फिर से ठेलियों व रेहड़ियों से पट चुकी है। राजेश कुमार केसरवानी का कहना है कि अझुवा का राष्टीय राजमार्ग पहले से ही संकरा है। यहां न तो सड़क का चौड़ीकरण किया गया है और न ही पुल अथवा फ्लाईओवर का निर्माण हुआ है। ऐसे में सर्विस लेन पर अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो रही है। कई बार वाहन चालकों को मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से उतरना पड़ता है,जिससे जान माल ,अंग भंग की दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाइवे में बड़े और छोटे वाहन चालक खड़े कर घंटों सामान की खरीददारी करते हैं,जिससे विपरीत दिशा से बाजार में प्रवेश करना बड़ा मुश्किल और खतरनाक होता है। नांदेमई निवासी रऊफ ने कहा हाइवे में भोला चौराहा समेत सभी कट एनएचआई ने बंद कर दिया है अझुवा मुख्य बाजार जाने का रास्ता मात्र सर्विस लेन ही है या तो भोला चौराहा तक विपरीत दिशा से जाएं अथवा सर्विस लाइन से। लेकिन सर्विस लाइन में अनावश्यक रूप से दुकानदार अपने सामान और रेहड़ी दुकानदार कब्जा किए हैं विरोध करने पर चौकी पुलिस के खास बनने की धौंस दिखाते हैं क्षेत्रवासियों का आरोप है कि यदि समय रहते नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।


### दलित नाबालिक बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड के एक डेरा की एक नाबालिक दलित बालिका उम्र लगभग 14 वर्ष को उसी के मोहल्ले के आलिम उम्र 22 वर्ष पुत्र छैला 26 जून को भगा ले गया था परिवार के लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी पुलिस ने दलित नाबालिक बालिका को 30 जून को बरामद कर लिया और बालिका को चिकित्सीय परीक्षण करने के लिए अस्पताल भेजा है बालिका के बरामद होने के बाद परिवार के लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है

# जीएनएसएस रोवर तकनीक से होगी भूमि की पैमाइश, विवादों के निस्तारण में आएगी तेजी

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर । जी एन** एस एस रोवर द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने सम्बन्धित प्रेसवार्ता का आयोजन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता मे जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष, कलेक्ट्रेट मे सम्पन्न हुआ । जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद गाजीपुर की जनता को इस सम्बन्ध मे जागरूक करना है कि जनपद मे भूमि सम्बन्धी विवाद मे लोग अपने-अपने खेतो का पैमाईश यानि की धारा-24 कराते है। पैमाईश अबतक जरीब के माध्यम से होती है। अब प्रदेश सरकार एक नये पहल के माध्यम से रोवर टेक्नोलॉजी का उपयोग करने जा रही है। इसमे ग्लोबल नेवीगेशन सेटेलाईट सिस्टम जो डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस भारत सरकार का है उसे यूज करके पैमाईश किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस विधि से पैमाईश बिलकुल सही होगी । उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश




के जनपदों मे दिनांक 01 जुलाई 2026 से रोवर टेक्नोलाजी के माध्यम से भूमि पैमाईश का निर्देश दिया गया हैं। इस हेतु जनपद के समस्त तहसीलो मे एक-एक रोवर दिये जा चुके है इसके लिए रेवेन्यू अधिकारियो को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। कल दिनांक 01 जुलाई 2026 से जनपद के प्रत्येक तसहील के एक-एक खेत का रोवर टेक्नोलाजी से पैमाईश करायी जायेगी तथा पुराने विधि से होने वाले पैमाईश का मिलान कर दोनो विधि का आंकलन भी किया जायेगा ताकि भविष्य मे भूमि पैमाईश तीव्र व गुणवत्तापूर्ण हो सके। इसके लिए रोवर टेक्नोलाजी अपनायी जायेगी, जिससे भूमि सम्बन्धी विवाद का समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो सकेगा। उन्होने बताया कि रोवर टेक्नोलॉजी एक इस्ट्रूमेंट होता है ये उपकरण सेटेलाईट सिस्टम यूज करता है। इस टेक्नोलॉजी का यूज करके भूमि पैमाईश को सुदृढ व मजबूत बनाया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि परम्परागत रूप से भूमि का सीमांकन/ सर्वे हेतु जरीब, फीता, चुम्बकीय सूई, मापक छड़ें तथा झण्डियों, लम्बे दण्ड (7), लट्ठा आदि का प्रयोग किया जाता है। उक्त उपकरणों के प्रयोग से भूमि के सीमांकन/सर्वे कार्य में प्रायः विलम्ब होता है तथा मापन की गुणवत्ता भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

इस हेतु विधिक व्यवस्था के आलोक में परिषद द्वारा भूमि का सीमांकन/सर्वे कार्य के समयबद्ध, गुणवत्तापरक एवं पारदर्शितापूर्ण निस्तारण हेतु परम्परागत सीमांकन के उपकरणों के स्थान पर आधुनिक तकनीक पर आधारित जी०एन०एस०एस० रोवर का उपयोग किये जाने का निर्णय लिया गया है। उ०प्र० राजस्व संहिता, 2006 की धारा-24 एवं उ०प्र० राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के नियम-22 में प्राविधानित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए जी०एन०एस०एस० रोवर के माध्यम से सीमांकन का कार्य किया जायेगा।

# सपा ने मनाई वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती, बलिदान और शौर्य को किया नमन

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर (भदोही)। समाजवादी** पार्टी की ओर से मंगलवार को जिला कार्यालय (लोहिया ट्रस्ट), कंसापुर, ज्ञानपुर में 1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहस, शौर्य और बलिदान को याद किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि ऊदा देवी पासी ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय वीरता का परिचय दिया था। उन्होंने बताया कि युद्ध के दौरान ऊदा देवी ने पुरुष वेश धारण कर हथियारों के साथ मोर्चा संभाला और सिकंदर बाग में ब्रिटिश सैनिकों का डटकर मुकाबला किया। गोला-बारूद समाप्त होने तक उन्होंने अंग्रेजी सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया। 16 नवंबर 1857 को 36 ब्रिटिश सैनिकों को मार गिराने के बाद वह वीरगति को प्राप्त हुईं। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी का जीवन सामाजिक न्याय, स्वाभिमान और देशभक्ति का प्रतीक है। उनके संघर्ष और बलिदान को सदैव स्मरण रखा जाएगा।

इस अवसर पर जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, राजेंद्र दुबे, जन्म प्रदीप वियोगी, दिलीप पासी, जैनू पासी, डॉ. नेब्बूलाल यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोपीगंज के राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज (भदोही)। नगर** के सोनिया तालाब स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में मंगलवार को भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की वार्षिक स्नान यात्रा श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का 108 कलशों के पवित्र एवं सुगंधित जल से अभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगवान की प्रतिमाओं को विशेष रूप से स्नान मंडप में विराजमान कर औषधीय एवं सुगंधित जल से अभिषेक किया गया। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ को पारंपरिक गज वेश में आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाते हैं और लगभग 15 दिनों तक अनासर काल में एकांतवास करते हैं। इस अवधि में उनके नियमित दर्शन नहीं होते। इसके उपरांत रथयात्रा के दिन भगवान भव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं और भक्तों को दर्शन देते हैं। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि स्नान पूर्णिमा, जिसे ज्येष्ठ पूर्णिमा भी कहा जाता है।

# बेजुबान पशुओं की सुरक्षा, उपचार और गौशालाओं की पारदर्शी व्यवस्था को लेकर गौ रक्षा वाहिनी ने प्रशासन को सौंपा 30 सूत्रीय ज्ञापन

**सुल्तानपुर** में गौवंश सहित अन्य बेजुबान पशुओं के संरक्षण, उपचार, सुरक्षा, गौशालाओं की निगरानी, राहत व्यवस्था एवं पशु कल्याण के लिए मजबूत और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था लागू किए जाने की मांग को लेकर ऋ्ष फॅरॅ ्रैल्ल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित 30 सूत्रीय विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट शिव प्रसाद यादव को सौंपते हुए तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई की मांग की।गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जनपद सुलतानपुर में बड़ी संख्या में गौ माता, नंदी महाराज एवं अन्य बेजुबान पशु सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, भूख, उपचार के अभाव, अव्यवस्थित गौशालाओं और प्रशासनिक लापरवाही के कारण निरंतर कष्ट झेल रहे हैं। संगठन ने कहा कि यह विषय केवल पशु कल्याण तक सीमित नहीं है बल्कि मानवीय संवेदना, सामाजिक जिम्मेदारी और प्रशासनिक जवाबदेही से सीधे जुड़ा हुआ अत्यंत गंभीर विषय है।सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद स्तर पर ह्लबेजुबान पशु संरक्षण एवं राहत समितिह्व का तत्काल गठन किया जाए, जिसमें गौ रक्षा वाहिनी और अन्य गौसेवी सामाजिक संगठनों को शामिल किया जाए। जिला एवं विकासखंड स्तर पर अलग-अलग नोडल अधिकारियों



की नियुक्ति कर घायल, बीमार अथवा संकटग्रस्त पशुओं की सूचना पर तत्काल राहत एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारियों सहित संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय कर जवाबदेह व्यवस्था लागू की जाए।गौ रक्षा वाहिनी ने मांग उठाई कि जनपद की सभी गौशालाओं की नियमित जांच और निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण व्यवस्था बनाई जाए।

प्रत्येक गौशाला में प्रति माह सामाजिक ऑडिट कराया जाए तथा पशुओं की संख्या, उपचार व्यवस्था, मृत्यु दर, चारा व्यवस्था, प्राप्त बजट और खर्च का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए। गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि देखभाल व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा सके। यदि किसी गौशाला में भ्रष्टाचार, पशुओं की उपेक्षा या अव्यवस्था मिले तो तत्काल जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।संगठन ने प्रशासन से 24 घंटे पशु आपातकालीन हेल्पलाइन जारी करने, प्रत्येक विकासखंड स्तर पर पशु एम्बुलेंस की व्यवस्था करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल पशुओं के लिए विशेष रेस्क्यू टीम गठित करने, परित्यक्त एवं बेसहारा गौवंश के लिए स्थायी पुनर्वास योजना बनाने तथा जिला पशु चिकित्सालय में घायल एवं असहाय पशुओं के लिए विशेष उपचार केंद्र और अस्थायी आश्रय व्यवस्था बनाए जाने की भी मांग की।प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि ह्लहमारी लड़ाई किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं बल्कि उन बेजुबान पशुओं के लिए है जो बोल नहीं सकते लेकिन दर्द उतना ही महसूस करते हैं जितना इंसान। हम चाहते हैं कि सुलतानपुर में कोई भी गौवंश या अन्य पशु उपचार, भोजन, आश्रय और सुरक्षा के अभाव में तड़पने को मजबूर न हो।

## अयोध्या जाने से रोके जाने पर हेमलता पटेल का आवास पर प्रदर्शनः बोलीं- लोकतंत्र में आस्था का अधिकार सर्वोपरि

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर। बहुआ** में सोमवार सुबह उस वक्त राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई जब पुलिस ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हेमलता पटेल को उनके आवास पर ही रोक दिया। अयोध्या राम मंदिर जाने के संदेश और कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने यह कदम उठाया।

सुबह करीब 9 बजे बहुआ चौकी प्रभारी अरुण कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ हेमलता पटेल के आवास पहुंचे। हेमलता ने पुलिस



को बताया कि वे जनता की समस्याओं को लेकर उद्ट से मिलने कलेक्ट्रेट जाने वाली थीं। हालांकि प्रशासन के आग्रह और कानून-व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए उन्होंने आवास पर ही रुकने का निर्णय लिया।

हेमलता पटेल ने कहाः

"भारत का संविधान हर नागरिक को अपनी आस्था का पालन करने, मंदिर में दर्शन करने और जनता की सेवा करने का पूरा अधिकार देता है। किसी को भी इन अधिकारों से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है। सच्चाई और हक की लड़ाई लड़ने वालों को रोका नहीं जा सकता। यदि मैं जाना चाहूं, तो मुझे कोई रोक नहीं सकता, लेकिन मैंने हमेशा कानून और वर्दी का सम्मान किया है, इसलिए आज पुलिस के आग्रह को स्वीकार किया। जनता के अधिकारों के लिए मेरी शांतिपूर्ण लड़ाई जारी रहेगी।"

## पुलिस लाइन में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई, SP ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर। रिजर्व** पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी लाइन रवि प्रकाश ने सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक राम केवल पटेल, उपनिरीक्षक नीतिराज सिंह तथा उर्दू अनुवादक कलीम अंसारी को फूलमाला पहनाकर शॉल, घड़ी



एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

SP ने तीनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पुलिस विभाग में उनके योगदान को सराहा। समारोह में प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## रंगदारी देने से इन्कार करने पर चापड़ से हमला दोनो भाई गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुरः सदर** कोतवाली क्षेत्र के तुराबली पुरवा में मंगलवार को छोटे भाई के साथ हो रही मारपीट का विरोध करना दो सगे भाइयों को भारी पड़ गया। दबंग युवक ने कथित तौर पर चापड़ से हमला कर दोनों भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार तुराबली पुरवा निवासी 17 वर्षीय रईस अहमद पुत्र सईद



अहमद और उसका छोटा भाई 16 वर्षीय एतिशाम अहमद घायल हुए हैं। घटना तुराबली पुरवा स्थित एक ट्यूबवेल के पास हुई। परिजनों के अनुसार एतिशाम दुकान से काम करके घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी ने उसे अकेला पाकर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बड़ा भाई रईस मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने चापड़ से दोनों भाइयों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

## पीडबल्यूडी गेस्ट हॉउस के चौकीदार से मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

सुल्तानपुर

**सुल्तानपुर-कोतवाली** नगर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के कर्मचारी के साथ कुछ व्यक्तियों के द्वारा मारपीट के तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार।उक्त मामले में थाना कोतवाली नगर में मुकदमा अपराध संख्या 353/26 पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 29-06-2026 को तीन अभियुक्तों समर निषाद(ग्राम प्रधान भवानीपुर),दिलशाद अहमद एवं आलोक यादव को किया गया गिरफ्तार। उक्त अभियुक्तों के खिलाफ 126,135,170 बीएनएस की कार्रवाई की जा रही



है। उक्त अभियुक्तों के पास से दो फोर व्हीलर भी बरामद किया गया है जिसमें एक ब्लैक स्कार्पियो है,दूसरी स्विफ्ट डिजायर है,जिसका प्रयोग घटना में किया गया था। क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामन्त द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार तीनो अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भदोही में क्षेत्राधिकारी लाइंस समेत छह पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त,

## विदाई समारोह में किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर (भदोही)।** पुलिस विभाग में वर्षों तक सेवाएं देने के बाद मंगलवार को जनपद भदोही में तैनात क्षेत्राधिकारी लाइंस समेत छह पुलिसकर्मी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन ज्ञानपुर में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल और क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। अधिकारियों ने उनके स्वस्थ, सुखमय और समृद्ध जीवन की



कामना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ दायित्वों का निर्वहन किया, जो विभाग के लिए प्रेरणादायक है।

विदाई समारोह में उपस्थित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मीः

क्षेत्राधिकारी लाइंस बलराम

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) चंद्रमा प्रसाद

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) नामवर सिंह

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) गजाधर मिश्र

उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) प्रेमचंद श्रीवास्तव

मुख्य आरक्षी (सशस्त्र पुलिस) राम बचन राम

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## मेडिकल कॉलेज में इलाज को लेकर डॉक्टर व आउटसोर्सिंग विद्युत कर्मियों में मारपीट; कार्रवाई न होने पर हड़ताल की चेतावनी



**सुलतानपुर। मेडिकल** कॉलेज सुलतानपुर में बीती रात इलाज को लेकर डॉक्टर और आउटसोर्सिंग विद्युत कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, सैकड़ों विद्युत कर्मचारी कोतवाली के बाहर जुट गए और चेतावनी दी कि यदि उनकी एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे, जिससे जिले की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। जानकारी के अनुसार, आउटसोर्सिंग विद्युत कर्मचारी जगन्नाथ की अचानक तबीयत बिगड़ने पर साथी कर्मचारी उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। पीड़ित कर्मचारियों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने पहले इलाज करने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। विद्युत कर्मचारियों का आरोप है कि डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ने उनके साथ मारपीट की तथा जिस वाहन से मरीज को अस्पताल लाया गया था, उसमें भी तोड़फोड़ की गई। वहीं, मेडिकल कॉलेज पक्ष ने भी नगर कोतवाली में तहरीर देकर अपना पक्ष रखा है। अवर अभियंता किशन चंद कुशवाहा ने बताया कि विद्युत विभाग की ओर से भी तहरीर दी गई है। उनका कहना है कि यदि दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। फिलहाल बड़ी संख्या में कर्मचारी नगर कोतवाली के बाहर एकत्र होकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 29 वर्ष की सेवा के बाद वरिष्ठ वाहन चालक कैलाशपति तिवारी सेवानिवृत्त, जिला सूचना कार्यालय में दी गई भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

**भदोही। जिला** सूचना कार्यालय में मंगलवार को वरिष्ठ वाहन चालक कैलाशपति तिवारी के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके करीब 29 वर्षों के सेवाकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की और स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कैलाशपति तिवारी ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी,




अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने बताया कि उनकी नियुक्ति 11 अगस्त 1997 को हुई थी और तब से उन्होंने पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ विभाग की सेवा की। उन्होंने कहा कि तिवारी का सरल स्वभाव, कार्य के प्रति समर्पण और सहयोगात्मक व्यवहार कार्यालय के सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने अनुभव और कार्यकुशलता से विभागीय कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कनिष्ठ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करने और टीम भावना के साथ कार्य करने की उनकी कार्यशैली को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। समारोह के दौरान कैलाशपति तिवारी को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## 11 हजार वोल्ट की लाइन के पोल में उतरा करंट, करंट की चपेट में आने से एक लाख से अधिक कीमत के खच्चर की मौत

**फतेहपुर। जिले** के ऐरायाँ विकास खंड अंतर्गत सुल्तानपुर घोष विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के हरदासपुर सानी गांव में बड़ा हादसा हो गया। गांव के भीतर लगी 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के एक पोल में अचानक करंट उतर आने से पास में चर रहा एक खच्चर उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार शोहदमऊ गांव निवासी जैतून निशा पत्नी शाकिर अली का खच्चर गांव के पास चर रहा था। इसी दौरान विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी तत्काल मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृत खच्चर की कीमत एक लाख रुपये



से अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खच्चर को बचाने के प्रयास में दो युवक भी करंट की चपेट में आ गए। हालांकि, दोनों किसी तरह सुरक्षित बच निकले और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद पशु स्वामी ने बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच होती तो इस तरह की घटना टाली जा सकती थी। उधर, प्रेमनगर पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पशुपालक को पहले स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करानी होगी।

# 76 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ विवाह

**चित्रकूटः मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को जनपद में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 76 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।



समारोह में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद के कुल 76 जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। नवविवाहित जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सप्तपदी के साथ अपने नए जीवन की शुरूआत की। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस दौरान पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल ने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानपूर्वक संपन्न कराने और उन्हें सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा देने की महत्वपूर्ण पहल है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से दिया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक पात्र कन्या को 85 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें 64 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में भेजे जाते हैं, जबकि 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है। जिसमें वस्त्र, बर्तन, प्रेशर कुकर, ट्रॉली बैग, सीलिंग फैन, आयरन प्रेस, कंबल, गद्दा, तकिया, चूड़ियां, मिक्सर ग्राइंडर और अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री शामिल होती है। वैवाहित समारोह हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस मौके पर इस मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महेंद्र त्रिपाठी, भाजपा नेता शक्ति सिंह तोमर, शिवाकांत सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी व वर-वधू के परिजन आदि मौजूद रहे।

# मऊ में युवक पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ (चित्रकूट)। थाना क्षेत्र** के ग्राम पंचायत हन्नाबिनैका में सोमवार देर रात एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांव निवासी 25 वर्षीय आलोक कुमार दुबे पुत्र ललई दुबे गांव की पानी की टंकी से जलापूर्ति का कार्य करते हैं। परिजनों के अनुसार, सोमवार रात उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उनके गले में गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए



जिला अस्पताल चित्रकूट रेफर कर दिया।

घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी फहद अली तथा थाना प्रभारी श्री प्रकाश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

थाना प्रभारी श्री प्रकाश यादव ने बताया कि अभी तक घायल पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गैर मर्द की मोहब्बत में पति की जान लेने वाली महिला को प्रेमी समेत उम्रकैद

**● एडीजे प्रथम राहुल मिश्रा ने सुनाया निर्णय**

**चित्रकूटः अवैध** संबंधों के चक्कर में पति की हत्या करने वाली महिला को उसके प्रेमी समेत न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 14,000-14,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती सात जुलाई 2018 को पहाड़ी थाने क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लोहदा में घर के अंदर से मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शिवलोचन विश्वकर्मा का शव जमीन की खुदाई कर निकाला गया था। मृतक के भाई फूलचन्द्र ने इस मामले में पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में फूलचन्द्र ने मृतक की पत्नी माया देवी और गांव के ही टुल्लु लोध के विरुद्ध हत्या और साक्ष्य नष्ट करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद कर्वी स्थित बस स्टैण्ड से माया देवी और टुल्लू लोध को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस के अनुसार टुल्लु लोध की मृतक शिवलोचन की दोस्ती थी। इसके चलते टुल्लु उसके घर आता जाता था। इस दौरान टूल्लू लोध के साथ माया की नजदीकियां बढ़ गयी और नवम्बर 2017 में मृतक शिवलोचन के हाथ माया देवी और टुल्लु की फोटो लग गई। जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए उसने पत्नी माया देवी को पीट दिया और सो गया।

इसके बाद माया ने रात्रि में ही टुल्लु को बुलाकर शिवलोचन की हत्या कर दी और फावड़े से घर में गड्ढा खोदकर शव को मिट्टी से दबा दिया। इसके बाद उसने गड्ढे वाले स्थान को मिट्टी और गोबर के जरिये चिकना कर दिया। घटना के बाद टूल्लू लोध मुम्बई पैसा क माने चला गया और लगभग 20 दिन बाद राशन खत्म होने पर माया घर की चाभी अपनी सास को देकर पिता के साथ मायके बिलासपुर छत्तीसगढ़ चली गयी। वहां से जून 2018 में माया टुल्लु लोध के पास मुम्बई चली गयी और उसके साथ रहने लगी। इस दौरान छः जुलाई 2018 को घर के अंदर की मिट्टी नीचे धंसने पर मृतक की मां को शक हुआ और उसने अपने बेटे फूलचन्द्र को बताया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पूरे मामले का खुलासा हुआ।

# बिना नम्बर, ओवरलोड ट्रकों पर चला परिवहन और पुलिस का चाबुक

**● टास्क फोर्स की बम्फर कार्यवाही से बिना नम्बर और ओवरलोड माल वाहनों से भर गए जिले के थाने**

**चित्रकूटः परिवहन** आयुक्त आशुतोष निरंजन के निर्देश पर अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन के डी सिंह गौर ने प्रयागराज और चित्रकूट संभाग की गठित ट्रांसपोर्ट टॉस्क फोर्स टीमों का नेतृत्व करते हुए स्वयं सड़क पर उतरकर बीती रात्रि बिना नम्बर प्लेट लगाए या नम्बर प्लेट को विकृत करने संचालित खनिज सामग्री की ओवरलोडिंग करने वाले माल वाहनों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की।

इस स्पेशल टीम में प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर समेत कई जनपदों के प्रवर्तन अधिकारियों ने एक साथ अभियान चला कर बिना नम्बर प्लेट, विकृत नम्बर प्लेट, ओवरलोड, बिना फिटनेस, बकाया टैक्स एवं अन्य आनुषंगिक अभियोगों में कार्यवाही की। जिसमें कुल 229 माल वाहनों व डंपर का चालान किया गया। साथ ही 49 वाहनों को सीज किया गया। बताया गया कि 29 जून की दोपहर में ही केडी



सिंह ने स्पेशल टीम के सभी अधिकारियों को अभियान के संबंध में ब्रीफिंग कर दी थी। पूरी रेकी करके अभियान के स्थल पहले ही चिन्हित कर लिए गए थे। जिसमें भरतकूप थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा मोड़, राजापुर में अर्की मोड़, मऊ थाना क्षेत्र में बियावल घाट एवं सरधुआ थाना क्षेत्र में व्यापक कार्यवाही की गई है। केडी सिंह गौर ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के सहयोग और समन्वय से सम्पादित यह व्यापक अभियान अंतर्विभागीय समन्वय का एक ज्वलंत उदाहरण बन गया है। इस अभियान से बिना नम्बर प्लेट के चलने वाले डंफर और ओवरलोडिंग करने वाले वाहन स्वामियों, चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

इस अभियान में एआरटीओ प्रयागराज राजीव कुमार, एआरटीओ प्रयागराज आनंद प्रताप राव, पीटीओ चित्रकूट दीप्ति त्रिपाठी, पीटीओ बांदा चंदन पाण्डेय, पीटीओ बांदा वीरेंद्र राजभर, पीटीओ प्रयागराज मिथलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में संगठन सशक्त बनाने का लिया गया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**
**बाँदा। भारतीय** जनता पार्टी, विधानसभा 235 बाँदा सदर के अन्तर्गत मण्डपम मैरिज हॉल, बाँदा में भव्य बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका, संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा की गयी एवं मुख्य उपस्थिति में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष, बुंदेलखंड विकास बोर्ड अयोध्या सिंह पटेल जी, पूर्व सांसद आर0के0सिंह पटेल नगरपालिका परिषद बाँदा की चेयरमैन श्रीमती मालती बासु जी, जिला महामंत्री श्रीमती ममता मिश्रा जी, जिला उपाध्यक्ष पंकज रैकवार, जिला मंत्री श्रीमती दुर्गा चौरसिया एवं जिला मंत्री श्रीमती रूपा चौहान , मण्डल अध्यक्ष बांदा नगर दक्षिणी राजेश गुप्ता रज्जन , मण्डल अध्यक्ष बाँदा नगर सन्तोष राजपूत , मण्डल अध्यक्ष बिसण्डा विनय कुशवाहा , मण्डल अध्यक्ष महुऑ प्रेमस्वरूप द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बूथ अध्यक्षों का उत्साहवर्धन किया। सम्मेलन में विधानसभा बाँदा सदर के सभी 333 बूथ अध्यक्ष, 54 शक्ति केन्द्र संयोजक तथा समस्त मंडल पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ष्संगठन ही शक्ति है और बूथ ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को संगठन की रीढ़ बताते हुए आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ संचालित करने का आह्वान किया गया।

# बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या का हुआ पदार्फाश




**अखंड भारत संदेश**
**बाँदा। थाना** कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तिंदवारा में हुई बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम तिंदवारा में दिनांक 20/21जून की रात्रि को छत पर सोते समय एक बुजुर्ग व्यक्ति सच्चिदानंद को डंडे से पीटकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी । इस सम्बन्ध में मृतक के भाई चिन्तामणि की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था । घटना के अनावरण हेतु पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा मौके से प्राप्त साक्ष्यों का वैज्ञानिक परीक्षण कराया गया । साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं अन्य साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर मृतक के साथ रहने वाली महिला के मामा रामविशाल तथा घटना की जानकारी होने के बावजूद पुलिस को गुमराह कर अभियुक्त मामा का सहयोग करने वाली महिला रोशनी को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तों से पूछताछ, जांच एवं विवेचना के क्रम में पाया गया कि अजयगढ़, पन्ना मध्य प्रदेश की रहने वाली महिला रोशनी जो कुछ माह से बुजुर्ग व्यक्ति के साथ रह रही थी । दिनांक 20./21.जून की रात्रि में महिला के मामा रामविशाल द्वारा आपसी विवाद के चलते छत पर सोये बुजुर्ग व्यक्ति पर डंडे से प्रहार कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी । रोशनी द्वारा पूरी घटना देखने एवं अपने मामा को पहचानने के बाद भी उसे बचाने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया । पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके का निरीक्षण करते हुए पूर्व में ही घटना में प्रयुक्त डंडे को बरामद कर लिया गया था ।

# एसडीएम की पहल से सुलझा विवाद, ग्रामीणों ने स्वयं चबूतरे तोड़कर दी रास्ते के लिए जमीन

**चित्रकूटः मऊ** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 (संकट मोचन नगर) में वर्षों से खराब रास्ते के निर्माण में आ रही बाधा एसडीएम की सूझबूझ से दूर हो गई। विवाद की सूचना पर तेज बारिश में मौके पर पहुंचे एसडीएम ने ग्रामीणों को ऐसे समझाया कि विरोध कर रहे लोगों ने स्वयं ही अपने चबूतरे तोड़कर सड़क चैड़ीकरण के लिए जमीन दे दी।

संकट मोचन नगर में वर्षों से रास्ता जर्जर था। हाल ही में इसके निर्माण का टेंडर होने के बाद ठेकेदार ने काम शुरू किया था। सड़क चैड़ीकरण के लिए कुछ लोगों ने तो स्वेच्छा से अपने चबूतरे हटा लिए, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए रास्ता बनाने से इनकार कर दिया। इस वजह से निर्माण कार्य ठप हो गया और दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। विवाद बढ़ता देख वार्ड के सभासद शुभम निषाद ने एसडीएम मऊ राम ऋषि रमन को फोन पर



मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसडीएम इसे संज्ञान में लेते हुए तेज बारिश के बीच छाता लेकर कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मौके का मुआयना करने के बाद दोनों पक्षों को एक साथ बुलाया और आपसी तालमेल बनाकर विकास कार्य के महत्व को समझाया। एसडीएम के समझाने के तरीके का ग्रामीणों पर सकारात्मक असर हुआ। विरोध कर रहे लोगों ने बात को सहजता से समझा और स्वयं ही अपने-अपने चबूतरे तोड़कर रास्ते के चैड़ीकरण के लिए जमीन देने पर सहमति जता दी।

विवाद सुलझने के बाद एसडीएम ने ठेकेदार को फोन पर निर्देशित किया कि अब रास्ते में दोनों तरफ नाली और सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा किया जाए। एसडीएम की इस त्वरित और सकारात्मक कार्यप्रणाली की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं।

# जनपद न्यायाधीश ने राजकीय संप्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

**चित्रकूटः उच्च** न्यायालय इलाहाबाद की किशोर न्याय समिति के निर्देशन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों से उनकी दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। इस पर किशोरों ने बताया कि सुबह योग के साथ दिन की शुरूआत होती है, इसके बाद नाश्ता, पढ़ाई, दोपहर का भोजन और फिर नृत्य, संगीत व अन्य गतिविधियों की कक्षाएं संचालित होती हैं। निरीक्षण के समय सभी किशोर भोजन करते हुए पाए गए। जनपद न्यायाधीश ने किशोरों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने, अपनी गलतियों से सीख लेने और समाज में अच्छा नागरिक बनकर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे विशेष तकनीकी माध्यमों से किशोरों को अंग्रेजी पढ़ना, लिखना और बोलना सिखाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें। साथ ही प्रत्येक किशोर की समग्र विकास रिपोर्ट तैयार करने और उनकी गतिविधियों पर सूक्ष्म नजर रखने को कहा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी अजय यादव, किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट अंशुमान यादव, संस्था प्रभारी बीर सिंह, परामर्शदाता दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा भी राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। जिसमें समिति के अध्यक्ष अपर जिला जज प्रथम राहुल मिश्रा, सदस्य विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, सिविल जज सी.डि. सचिन कुमार दीक्षित, व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चैधरी शामिल रही।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं में 97 आवेदन पात्र, 10 अपात्र

**चित्रकूटः उत्तर** प्रदेश सरकार की मत्स्य योजनाओं के लिए विभागीय पोर्टल पर बीती आठ से 28 जून तक प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्रता सूची तैयार कर नियमानुसार समिति से अनुमोदन कराया गया। जिसमें कुल प्राप्त 97 आवेदनों में से 10 अपात्र पाए गए।

मत्स्य निरीक्षक शेषनाथ ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना में जनपद से कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 9 पात्र और 1 अपात्र पाया गया। इसी प्रकार संघन एरियेशन सिस्टम योजना में कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 5 आवेदन पात्र पाए गए। इसके अलावा निषाद राज बोर्ड सब्सिडी योजना के अंतर्गत कुल 82 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए, जिनमें से 73 पात्र तथा 9 अपात्र घोषित किए गए। सभी पात्र आवेदनों को शासनादेश के अनुसार गठित समिति द्वारा परीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी से अनुमोदित कराया गया है। बताया कि विभाग की अधिकांश योजनाओं में परियोजना लागत का 40 प्रतिशत तक अनुदान लाभार्थियों को दिया जाता है, जिससे मत्स्य पालन को बढ़ावा मिल सके।

# सेवानिवृत्त तीन उपनिरीक्षक और एक महिला मुख्य आरक्षी को भावभीनी विदाई

**चित्रकूटः पुलिस** कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे तीन उपनिरीक्षकों और एक महिला मुख्य आरक्षी के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने की, जबकि अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय भी मौजूद रहे। समारोह में उपनिरीक्षक विजय बहादुर सिंह, नंदलाल वर्मा, रामबाबू वर्मा तथा महिला मुख्य आरक्षी परवीन को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विदाई का यह अवसर भावुक होने के साथ प्रेरणादायक भी है। यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उन यादों, अनुभवों और रिश्तों का सम्मान है, जो लंबे सेवाकाल के दौरान बने हैं। कहा कि पुलिस विभाग को दिया गया उनका अमूल्य समय सदैव याद रखा जाएगा और विभाग उनके योगदान के लिए आभारी रहेगा। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों से स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। अपर पुलिस अधीक्षक पीयूष कांत राय ने उनके समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से विभाग के अन्य कर्मियों ने बहुत कुछ सीखा है। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# तबाही के बीच फिर कांपी धरती, 1500 मौतों के बाद तीसरे झटके से दहला देश

**वेनेजुएला**

**वेनेजुएला** के तटीय इलाके में एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, जिसने लोगों को पूरी तरह डरा दिया है। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर के मुताबिक, अरागुआ के तट के पास समुद्र में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 30 किलोमीटर की गहराई में था। यह नया झटका ऐसे नाजुक समय पर आया है जब देश पहले से ही दो बेहद विनाशकारी भूकंपों की भयंकर मार झेल रहा है, और चारों तरफ सिर्फ चीख-पुकार मची हुई है।

मलबे में जिंदगी की उम्मीदें कम, 51 हजार लोग लापता

आपको बता दें कि इससे पहले बीते बुधवार को वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो बैक-टू-बैक बड़े भूकंप आए थे, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस महाविपदा में अब तक लगभग 1,500 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 51,000 लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि भूकंप के शुरूआती 72 घंटे बीत जाने के बाद अब मलबे से लोगों के जिंदा बचने की उम्मीदें लगातार कम होती जा रही हैं। आशंका है कि मलबे के नीचे अभी भी हजारों लोग दबे हो सकते हैं, जिससे मौतों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।

इकनॉमी को तगड़ा झटका

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के शुरूआती असेसमेंट के मुताबिक, इस भयंकर आपदा से वेनेजुएला के पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचा है। कंक्रीट के मलबे में तब्दील हुई बड़ी-बड़ी इमारतों और तबाह हुई सड़कों के




कारण देश को करीब 6.7 अरब डॉलर, जो कि देश की जीडीपी का लगभग 6% है, का सीधा नुकसान हुआ है। हालांकि, इस मुश्किल घड़ी में इंटरनेशनल लेवल पर मदद भी पहुंचने लगी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि अमेरिका ने तुरंत सर्च एंड रेस्क्यू टीम के साथ दवाइयां और मानवीय सहायता भेजी है।

ग्राउंड जीरो पर हालात खराब

इस बीच, वेनेजुएला की कार्यकारी राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने मुश्किल वक्त में साथ देने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और आईएमएफ की एमडी क्रिस्टालिना जॉजीर्वा को थैंक्स कहा है। लेकिन दूसरी तरफ, ग्राउंड जीरो यानी जमीन पर हालात बेहद चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। कई इलाकों में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट पूरी तरह ठप होने के कारण राहत और बचाव कार्यों में काफी दिक्कत आ रही है। वहीं, बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते स्थानीय लोग सरकार के लचर मैनेजमेंट से काफी नाराज और परेशान हैं।

# हर साजिश तोड़कर इसी साल लौटूंगी वतन

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपनी वतन वापसी को लेकर एक बहुत बड़ा और चौंकाने वाला ऐलान किया है। दो साल पहले अमेरिका और पाकिस्तान समर्थित एक तख्तापलट के जरिए सत्ता से हटाए जाने के बाद से शेख हसीना भारत में रह रही हैं।

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी वापसी पर बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि वे इसी साल बांग्लादेश वापस लौटेंगी। शेख हसीना ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश की अदालतों द्वारा उनके खिलाफ दिए जा रहे फैसले पूरी तरह राजनीति से प्रेरित हैं और यह उनकी पार्टी 'अवामी लीग' को कमजोर और नेता विहीन बनाने की एक सोची-समझी साजिश है, जिसे वे कभी कामयाब नहीं होने देंगी।



अदालतों के फैसले को बताया राजनीतिक बदला

एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में शेख हसीना ने बांग्लादेशी अदालतों के फैसलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, "मेरे खिलाफ जो भी फैसले आए हैं, वे न्याय नहीं हैं। यह पूरी प्रक्रिया गैर-कानूनी, असंवैधानिक और राजनीतिक मकसद से प्रेरित है। अवामी लीग को खत्म करने के लिए वहां की न्यायपालिका को राजनीतिक बदले का हथियार बना दिया गया है।" हसीना ने आगे कहा कि ऐसी साजिशें और कोशिशें इतिहास में पहले भी की गई हैं, जो तब भी नाकाम रही थीं और आगे भी पूरी तरह नाकाम साबित होंगी।

कट्टरपंथियों को करारा जवाब

बांग्लादेश के कट्टरपंथियों की तरफ से मिल रही लगातार धमकियों को दरकिनार करते हुए शेख हसीना ने कहा कि उन्हें मौत का कोई खौफ नहीं है। इंटरव्यू के दौरान वे काफी भावुक भी नजर आईं और उन्होंने बांग्लादेश के संस्थापक व अपने पिता शेख मुजीबुर्रहमान की क्रूर हत्या और 1975 में अपने पूरे परिवार को खोने के काले दिनों को याद किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इतनी बड़ी त्रासदियों को झेलने के बाद भी वे देश की भलाई के लिए पीछे नहीं हटेंगी और इस साल हर हाल में बांग्लादेश कदम रखेंगी।

साजिशों का जाल तोड़कर जनता के साथ खड़ी रहूंगी

अपने संघर्षों की कहानी बयां करते हुए शेख हसीना ने कहा, "1975 में मैंने अपने माता-पिता, अपने भाइयों और लगभग अपने पूरे परिवार को खो दिया था। यही नहीं, 21 अगस्त को मुझ पर ग्रेनेड से हमला करके मेरी जान लेने की कोशिश की गई थी। मेरे खिलाफ न जाने कितने जाल बुने गए, लेकिन मैं हर साजिश को तोड़कर बांग्लादेश की जनता के साथ खड़ी रही।"

उन्होंने याद दिलाया कि बांग्लादेश के लोगों ने उन्हें अपने कीमती वोट देकर पांच बार देश का प्रधानमंत्री चुना, और उन्होंने देश के रिकॉर्ड तोड़ विकास के लिए काम किया। हसीना ने आखिर में बेहद कॉन्फिडेंस के साथ कहा कि उनकी पूरी जिंदगी बांग्लादेश के लोगों, अवामी लीग और लोकतंत्र के लिए समर्पित रही है, इसलिए वे हर रुकावट और हर खतरे को पार करके इसी साल अपने वतन वापस आ रही हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी के बाद अमेरिका-ईरान में हुआ मिसाइल हमला

**अमेरिका**

**शांति** समझौते के कुछ ही समय बाद अमेरिका और ईरान के बीच का तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को बेहद सख्त शब्दों में खुली धमकी दी है। ट्रंप ने साफ कहा कि अगर ईरान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, तो उसे दुनिया के नक्शे से ही मिटा दिया जाएगा। यह धमकी तब आई है जब दोनों देशों ने एक-दूसरे के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं, जिससे इस पूरे इलाके में फिर से भयानक युद्ध छिड़ने का डर पैदा हो गया है।

ट्रंप का सोशल मीडिया पर वॉर्निंग शॉट

डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट लिखकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान पर फिर से बड़े हमले किए हैं। ट्रंप ने चेतावनी



देते हुए लिखा कि अगर ईरान अब भी सबक नहीं सीखता है, तो हमें मजबूरन मिलिट्री पावर का पूरा इस्तेमाल करना पड़ेगा। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि अगर ऐसा हुआ, तो ईरान का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। ट्रंप के मुताबिक, ईरान ने सीजफायर का सम्मान नहीं किया, इसलिए अमेरिकी विमानों ने उनके मिसाइल-ड्रोन डिपो और तटीय रडार साइटों को तबाह कर दिया।

ईरान का पलटवार

दूसरी तरफ, ईरान ने भी अमेरिका पर वादाखिलाफी का बड़ा आरोप लगाया है। ईरान का कहना है कि अमेरिकी एयरफोर्स ने उनके दक्षिणी तट पर मौजूद सर्विलांस ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान के मुताबिक, ये हमले उस अंतरिम समझौते का सरेआम उल्लंघन हैं, जो दोनों देशों के बीच पिछले चार महीने से चल रही जंग को रोकने के लिए किया गया था। ईरान ने तंज कसते हुए कहा कि पीठ पीछे वार करना और अपने वादों को तोड़ना अमेरिका की पुरानी आदत है।

# अमेरिका ने फिर कर दिया बड़ा हमला, जवाब में ईरान ने भी ठोकी मिसाइलें



**अमेरिका**

**मिडिल** ईस्ट में अभी एक हफ्ते पहले ही संघर्ष विराम पर सहमति बनी थी। हालांकि यह सहमति चंद दिनों में ही टूटती नजर आ रही है। पहले ईरान ने स्ट्रीट ऑफ हॉर्मोस के जहाजों पर हमला किया। इसके बाद अमेरिका ने भी ईरान के कई ठिकानों पर जवाबी हमले कर दिए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार यानी 26 जून को ओमान तट के पास एक मालवाहक जहाज पर हुए ड्रोन हमले का जवाब दिया और ईरान के भीतर कई सैन्य ठिकानों पर भीषण जवाबी हमले भी किए। अमेरिकी सेना ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन केंद्रों के साथ तटीय रडार साइटों को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान की इस हरकत को सीजफायर समझौते का मूर्खतापूर्ण उल्लंघन करार दिया। बता दें बीते 25 जून को सिंगापुर के झंडे वाले एक बड़े मालवाहक जहाज पर ओमान तट के पास स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस से बाहर निकलते समय ईरान द्वारा आत्मघाती ड्रोन दागे गए।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार इस जहाज को निशाना बनाकर कुल चार ड्रोन दागे गए थे। इनमें से तीन को अमेरिकी सेना ने हवा में ही मार गिराया। हालांकि एक ड्रोन जहाज के ऊपरी डेक पर जा टकराया जिससे जहाज को नुकसान हुआ। मामले में ब्रिटिश सेना ने पुष्टि की है कि हमले में किसी भी नाविक के हताहत होने की खबर नहीं है। इस उकसावे वाले हमले के ठीक एक दिन बाद अमेरिकी विमानों ने ईरानी सीमा के भीतर घुसकर उसके ड्रोन और मिसाइल डिपो को तबाह कर दिया। सेंट कॉम ने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने जहाज पर कल हुए हमले के एक शक्तिशाली जवाब के रूप में ईरान के खिलाफ हवाई हमले किए हैं।

# ओमान ने ऐसा क्या कर दिया? इसलिए ईरान ने होर्मुज में जहाज ठोक दिया

**ओमान**

**मिडिल** ईस्ट में युद्ध भले फिलहाल थम गया हो लेकिन दुनिया की सबसे अहम समुद्री लाइफ लाइन एक बार फिर तनाव के केंद्र में आ गई है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान और ओमान आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। इस बार विवाद किसी सैन्य हमले का नहीं बल्कि जहाजों के लिए बनाए गए नए ट्रांजिट रूट का है। ईरान ने साफ-साफ चेतावनी दी है कि उसकी मंजूरी के बिना हुरमुज में कोई नया समुद्री रास्ता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यही वजह है कि वैश्विक शिपिंग और तेल बाजार की नजरें फिर इस क्षेत्र पर टिक गई हैं।



दरअसल अमेरिका और ईरान के बीच हालिया शांति समझौते के बाद होर्मुज स्टेट को दोबारा खोला गया था। लेकिन युद्ध के दौरान जहाजों की सुरक्षा को देखते हुए ओमान ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन आईएमओ के सहयोग से अपने तटीय क्षेत्र से गुजरने वाला एक नया ट्रांजिट रूट तैयार किया। इसका उद्देश्य जहाजों को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराना था ताकि किसी संभावित सैन्य खतरे से बचा जा सके।

हालांकि ईरान ने इस कदम का कड़ा विरोध किया।

इस्लामिक रिवोशनरी गार्ड कॉप्स यानी कि आईआरजीसी की नौसेना ने बयान जारी कर कहा हुमत से केवल वही समुद्री रास्ते मान्य होंगे जिन्हें ईरानी अधिकारियों ने मंजूरी दी है। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि तय मार्गों से हटकर किसी भी जहाज की आवाजाही को सुरक्षित नहीं माना जाएगा। तेहरान का कहना है कि एमच के प्रबंधन से जुड़े किसी भी फैसले में उसकी सहमति जरूरी है। तनाव तब और बढ़ गया जब ओमान की ओर से नए मार्ग का इस्तेमाल शुरू करने की तैयारी की गई।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ की आलोचना की

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के प्रधानमंत्री फैसल मुमताज राठौर ने शुक्रवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ की आलोचना की। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि आसिफ ने इस इलाके के लोगों की पहचान को बिना मांगे ही मान्यता दे दी थी। एक्स पर ये बातें कथित तौर पर आसिफ के उस हालिया टीवी इंटरव्यू के जवाब में कही गईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि ढङ्क के रावलकोट और मीरपुर के रहने वाले लोग असली कश्मीरी नहीं हैं। आसिफ के जवाब में राठौर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपनी पहचान के लिए पाकिस्तान



के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ या किसी और से किसी मंजूरी की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उनके जैसे बुजुर्ग और उनकी हरकतें लोगों को करीब लाने के बजाय उनके बीच दूरियां पैदा कर रही हैं। राठौर ने कहा कि अपनी गलती पर हुई आलोचना के बाद, अब वे आजाद जम्मू-कश्मीर के प्रशासन में कमियां निकालकर मामले को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

# न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी का अनोखा अंदाज, सूट-ताई में पूल में कूदे

**न्यूयॉर्क**

**न्यूयॉर्क** सिटी के मेयर जोहरान ममदानी अपने अनोखे और खुशमिजाज अंदाज के लिए अक्सर सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। लोगों से बड़े ही कूल और तहजीब वाले तरीके से मिलना उनकी यूएसपी बन चुका है। इस बार तो मेयर साहब ने कुछ ऐसा कर दिया जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। दरअसल, न्यूयॉर्क शहर में समर पूल सीजन की शुरूआत करने के लिए वे ईस्ट हार्लेम के एक पब्लिक स्विमिंग पूल पहुंचे और बिना सोचे-समझे अपने ऑफिशियल सूट और टाई पहने-पहने ही पानी में छलांग लगा दी।

13 साल पुरानी परंपरा को किया जिंदा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, न्यूयॉर्क सिटीहॉल की एक बहुत पुरानी और मजेदार परंपरा रही है, जिसमें मेयर गर्मियों के सीजन की शुरूआत में खुद पब्लिक पूल के पानी में उतरते थे। हालांकि, पिछले एक दशक से ज्यादा समय से किसी भी मेयर ने इस परंपरा को फॉलो नहीं किया था। एरिक एडम्स और बिल डी ब्लासियो जैसे पूर्व मेयर्स ने अपने कार्यकाल में इससे दूरी बनाए रखी, जबकि माइकल ब्लूमबर्ग इस परंपरा में हिस्सा लेने वाले आखिरी मेयर थे। अब ममदानी ने 2013 के बाद पहली बार इस वार्षिक पूल-ओपनिंग ट्रेडिशन को फिर से जिंदा कर दिया है।

ममदानी का मजेदार जवाब, "जब उन्होंने कहा सूट पहनो..."

पूल में छलांग लगाने के बाद मेयर बच्चों और लोकल लोगों के बीच पूरी तरह भीगे हुए कपड़ों में ही पहुंच गए, जिसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। लोग जनता से कनेक्ट करने के उनके




इस क्रेजी और अनोखे तरीके की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस बीच ममदानी ने खुद सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए मजाकिया अंदाज में लिखा, "जब उन्होंने मुझसे कहा सूट पहनें, तो मैंने बस यही समझ लिया।" भीगे कपड़ों में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें शहर में पब्लिक स्विमिंग के 90 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए बेहद खुशी हो रही है।

क्या है इस पूल ओपनिंग का इतिहास?

आपको बता दें कि इस यूनिक परंपरा की शुरूआत साल 1936 में हुई थी। उस समय न्यूयॉर्क के तत्कालीन मेयर फियोरेलो लागुआर्डिया ने शहर के लोगों के लिए पब्लिक स्विमिंग पूल सुविधाओं का बड़े लेवल पर विस्तार किया था। यह प्रोजेक्ट उस वक्त के अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट के 'वर्क्स प्रोग्रेस एडमिनिस्ट्रेशन' प्रोग्राम के सपोर्ट से शुरू हुआ था, जिसके तहत शहर में 11 नए हाई-टेक पब्लिक स्विमिंग पूल बनाए गए थे। ये पूल अपने मॉडर्न डिजाइन और क्लोरीनीकरण (पानी साफ करने की तकनीक) के लिए मशहूर हुए और करीब 90 साल बाद आज भी न्यूयॉर्क के लोगों की सेवा कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# सेशेल्स की संसद बनी 20वीं विदेशी संसद जिसे किया संबोधित

**सेशेल्स**

**सेशेल्स** की राजधानी विक्टोरिया में वहां की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया इतिहास रच दिया है। यह दुनिया की 20वीं ऐसी संसद है जिसे पीएम मोदी ने संबोधित किया है। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत में कहा, "इस नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में आपके सामने खड़ा होना मेरे लिए एक बेहद खास सम्मान की बात है। मैं अपने साथ भारत के 140 करोड़ लोगों की तरफ से आपके लिए ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं लेकर आया हूं।" पीएम मोदी ने याद दिलाया कि साल 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंद महासागर क्षेत्र में उन्होंने सबसे पहले सेशेल्स का ही दौरा किया था, क्योंकि भारत के विजन में सेशेल्स का एक बहुत ही खास स्थान है। एक दशक बाद यहां लौटकर उनका यह विश्वास और भी ज्यादा मजबूत हो गया है। उन्होंने सेशेल्स को उसकी आजादी की 50वीं सालगिरह पर बधाई भी दी।

मोदी ने 1770 के इतिहास का किया जिक्र

पीएम मोदी ने भारत और सेशेल्स के गहरे रिश्तों पर बात करते हुए कहा कि हमारी दोस्ती सिर्फ 50 साल पुरानी नहीं है, जब हमारे डिप्लोमैटिक रिलेशन शुरू हुए थे। यह दोस्ती बहुत पहले, अगस्त 1770 में ही शुरू हो गई थी। जब 'थेलेमाके' जहाज से लोग सेंट ऐन आइलैंड पहुंचे थे, तो उनमें पांच भारतीय भी शामिल थे। उसी यात्रा ने आगे का रास्ता दिखाया और वक्त के साथ भारतीयों की कहानियां



मॉडर्न सेशेल्स की कहानी का हिस्सा बन गईं।

पीएम मोदी ने कहा, "यह इतिहास हमें याद दिलाता है कि हमारे बीच के ये संबंध किसी सरकार ने नहीं बनाए हैं। इन्हें यहां के लोगों ने बनाया है, परिवारों ने पाला-पोसा है और पीढ़ियों ने इसे जिंदा रखा है। हिंद महासागर ने इसे मुमकिन बनाया है। यह समंदर भारत और सेशेल्स को अलग नहीं करता, बल्कि हमें आपस में जोड़ता है। यही वजह है कि हम अजनबियों की तरह नहीं, बल्कि पुराने दोस्तों की तरह मिलते हैं।"

INS नीलगिरि से लेकर क्ठर तरकश तक...

प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की पार्टनरशिप की गहराई को बयां करते हुए एक और दिलचस्प बात साझा की। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले जब सेशेल्स आजाद हो रहा था, तब भारत का एक नौसैनिक जहाज 'क्ठर नीलगिरि' दोस्ती और एकजुटता के प्रतीक के रूप में पोर्ट विक्टोरिया में मौजूद था और आज, जब सेशेल्स अपनी आजादी की गोल्डन जुबली मना रहा है, तो भारत के दो आधुनिक युद्धपोत 'क्ठर तरकश' और 'क्ठर इक्षक' पोर्ट विक्टोरिया पर आपके साथ इस जश्न में शामिल हैं। बीते 50 सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन एक-दूसरे के प्रति हमारा कमिटमेंट आज भी वैसा ही है। मैरीटाइम सिक्योरिटी, कैपेसिटी बिल्डिंग, हाइड्रोग्राफी और मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस में हमारा सहयोग एक सुरक्षित हिंद महासागर के लिए हमारी कमिटमेंट को दिखाता है। हमारा यही विजन हमारे 'महासागर' आइडिया में छिपा है, जो यह मानता है कि हम दोनों का फ्यूचर एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है।

फ्यूचर जनरेशन के लिए मिलकर काम करने का संकल्प

भाषण के आखिरी हिस्से में पीएम मोदी ने भविष्य के रोडमैप पर बात की। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स मिलकर फिशरीज, मरीन साइंस, कोस्टल मैनेजमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबल टूरिज्म के क्षेत्रों में बेहतरीन पार्टनरशिप बना सकते हैं।